वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2016-17

भाकृअनुप - राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान

बरोंडा, रायपुर - 493 225, छत्तीसगढ़

ICAR-NATIONAL INSTITUTE OF BIOTIC STRESS MANAGEMENT

Baronda, Raipur - 493 225, Chhattisgarh



Alternanthera sessilis, Cyanotis axillaris, Eclipta alba, Echinochloa Colona, Fimbristylis miliacea, Parthenium hysterophorus, rice yellow stem-borer, rice leaf-folder, gram pod borer, spotted pod borer rice earhead bug, papaya mealybug, tomato leafminer, pigeonpea YMV, rice false smut, papaya ring spot, rice brown spot, pigeonpea *Phytophthora* blight

1. PCR amplification using begomovirus primers in PYMD infected leaf sample (lane D) and apparently healthy leaf samples of pigeonpea (lane AH1 &AH2). Lane M: 1Kb DNA ladder.
2. Endophytes isolated from rice plant.

वार्षिक प्रतिवेदन

Annual Report

2016-17

भाकृअनुप
ICAR

रा जै स्ट्रे प्र सं
NIBSM

भाकृअनुप - राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान

बरोंडा, रायपुर - 493 225, छत्तीसगढ़

ICAR-NATIONAL INSTITUTE OF BIOTIC STRESS MANAGEMENT

Baronda, Raipur - 493 225, Chhattisgarh

Correct citation
Annual Report (2016-17). ICAR - National Institute of Biotic Stress Management, Raipur (C.G.), India, 89 p.

भा.कृ.अनु.प. – राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान
बरोंडा, रायपुर – 493 225, छत्तीसगढ़
ICAR - National Institute of Biotic Stress Management
Baronda, Raipur - 493 225, Chhattisgarh

Published by
Director (Acting)
ICAR - National Institute of Biotic Stress Management
Baronda, Raipur - 493 225, Chhattisgarh
Phone :- 0771-2225333, Fax :- 0771-2225351
Email :- director.nibsm.cg@nic.in
Website :- www.nibsm.org.in

Compiled and edited by
Dr. R. K. Murali Baskaran
Dr. K. C. Sharma
Dr. Mamta Choudhary
Dr. P. Mooventhan
Mr. Yogesh M. Yele

Printed by
A-1 Art
Raipur, Chhattisgarh

Contents / विषय सूची

- Preface/ प्रस्तावना
- Executive Summary/ विशिष्ठ सारांश
- Introduction/ परिचय
- Organisational Structure/ संगठनात्मक संरचना
- Weather Report/ मौसम प्रतिवेदन
- Research Highlights/ अनुसंधान उपलब्धियॉं
- Status of Biotic Stress and New Reports in Crops/फसलों में जैविक स्ट्रैस की स्थिति एवं नवीन रिपोर्ट्स
- Institute Activities/ संस्थान गतिविधियॉं
- Extension and Outreach Activities/ प्रसार एवं संस्था सेवा गतिविधियॉं
- Infrastructure Development/ आधारभूत विकास
- Workshops/ Symposia/ Seminars/Trainings/ कार्यशाला/ सिम्पोसिया/ सेमिनार/ प्रशिक्षण
- Awards / Recognition / Membership in Professional Societies
  पुरस्कार/ सम्मान/ पेशेवर समितियों में सदस्यता
- Publications / प्रकाशन
- Dignitaries Visit/ विशिष्ठ आगंतुक
- Research Programmes and Projects/ अनुसंधान कार्यक्रम एवं परियोजनायें
- Workshops/Awareness Programmmes Organised/
  कार्यशाला/प्रशिक्षण/जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन
- New Staff/ Promotion/ Transfers/ Joining/ Additional Charge
  नये कर्मचारी / पदोन्नति / स्थानान्तरण / नियुक्ति / अतिरिक्त प्रभार
- Staff Strength of NIBSM / राजैस्ट्रैप्रसं की कर्मचारी क्षमता
- Budget Allotment and Expenditure/ बजट आवंटन एवं व्यय
- Institute Governing Committees/ संस्थान की संचालन समितियॉं

प्रस्तावना

गत वर्ष, आधारित संरचना सम्बन्धित गतिविधियों को प्रमुखता से आगे बढ़ाया गया। जैसा कि पूर्व प्रतिवेदित है, संस्थान के शासनादेशानुसार कृषि स्वास्थ्य पर आधारित कुछ ऐसी अंतः विषयिक संरचना की परिकल्पना को मूलभूत से अग्रसर किया गया जो कृषक हितैषी प्रौद्योगिकियों का सृजन कर सके। भारतीय कृषक समाज की समृद्धि संस्थान में हुई गतिविधियों का मुख्य केन्द्र रही। इसी उद्देश्य से संस्थान की मास्टर प्लान को सफलतापूर्वक परिकल्पित किया गया। संस्थान के समस्त वैज्ञानिकों और केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने मास्टर प्लान को सामूहिक रूप से विचारा तथा आकृत किया। हम, संस्थान के समस्त वैज्ञानिक डॉ. त्रिलोचन महापात्रा, सचिव डेयर एवं महानिदेशक, भा.कृ.अनु.प. के विपुल आभारी हैं क्योंकि उन्हीं की व्यक्तिगत इच्छुकता एवं रूचि तथा निरन्तर उत्साहवर्धन की प्रवृत्ति द्वारा ही यह सब सम्भव हो सका। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के छात्रावास एवं अतिथि संकाय गृहों का निर्माण 2018 के अंत तक लक्षित किया गया है। मास्टरप्लान की परिकल्पना से पूर्व सुनिश्चित किया गया है कि समस्त संस्थान क्षेत्रफल का 70 प्रतिशत अनुपात एक अति आधुनिक अनुसंधान फार्म के रूप में विकसित होगा। मात्र 30 प्रतिशत क्षेत्र ही कार्यालय, छात्रावास, अतिथि गृह, आवासीय, खेल परिसर, बाजार व सामुदायिक भवनों के निर्माण के लिये प्रयोग होगा। रायपुर प्रशासन के शहरी प्राधिकरण से संस्थान में विभिन्न भवनों के निर्माण की अनुमति प्राप्त करने हेतु कारगर कदम उठा लिये गये हैं। प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन के माध्यम से मुझे यह घोषणा करते हुए अति हर्ष है कि 12वें प्लान के अन्तर्गत हम विभिन्न भवनों व संरचनाओं के निर्माण हेतु 52.87 करोड़ रूपये का आबंटन प्राप्त कर चुके हैं। केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा निविदायें आमन्त्रित हो चुकी हैं तथा शीघ्र ही प्रशासनिक भवन, दो स्कूल भवन, दो छात्रावास एवं कुछ परिसर विकास सम्बन्धी कार्यों का आरंभ होना अपेक्षित है। संस्थान में पद सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत 69 वैज्ञानिक, 50 तकनीकी एवं 40 प्रशासनिक स्तरों हेतु एक प्रस्ताव परिषद् द्वारा पारित हो चुका है, तथा वित्तीय अनुमोदन के लिये वित्त मंत्रालय में प्रस्तुत कर दिया गया है।

अनुसंधान सलाहकार समिति की द्वितीय बैठक 11–12 जुलाई, 2016 को प्रो. अनुपम वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। शनैः शनैः संस्थान अब अनुसंधान के शुरूआती दौर से ऊपर उठकर कुछ महत्वाकांक्षी वैज्ञानिक अनुसंधान परियोजनाओं का सूत्रपात कर पाया है। इन परियोजनाओं में पौध महामारी विज्ञान, घातक पौध रोग जनकता, जलवायु परिवर्तन का पौध महामारियों पर प्रभाव, जैव सुरक्षा एवं पशुजन्य जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों की जटिलताओं के समाधान हेतु संस्थान में वैज्ञानिकों द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये हैं, तथा शीघ्र ही एक जीवंत गतिशील अनुसंधान कार्यक्रम का सूत्रपात अपेक्षित है। परिषद् का "किसान प्रथम" परियोजना संस्थान की एक अति महत्वपूर्ण उपलब्धि रही है। पौध व्याधियों से होने वाले नुकसानों के शमन हेतु तथा भारतीय कृषकों के समक्ष कृषि रसायनों के उपयोगों से उत्पन्न होती समस्याओं के निदान करने हेतु अनुसंधान परियोजनाओं को गहनता से विचार विमर्श के पश्चात् कार्यान्वयन करने की योजनायें पारित हुई हैं। बाह्य आक्रमण जनित पौध रोगों की ओर संस्थान का विशेष ध्यान है तथा ऐसे पौध रोग जनकों की निगरानी व प्रबंधन हेतु विशेष परियोजनाओं को प्रस्तावित किया जा रहा है।

इन्दिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय समयकालीन कुछ जर्जर ईमारतों का नवीनीकरण किया गया, जिनमें कुछ आधुनिक प्रयोगशालायें स्थापित की जा चुकी हैं तथा लगभग एक दर्जन वैज्ञानिकों के बैठने व प्रयोग करने के लिये समुचित व्यवस्था की गई है। संस्थान के शासनादेश का अनुसरण करते हुये आधुनिक वैज्ञानिक विधाओं जैसे प्रोटियोमिक्स, डीएनए फिंगरप्रिंटिंग, बायो इनफॉरमैटिक्स के कार्यान्वन हेतु आवश्यक यन्त्र, उपकरण, रसायनों की उपलब्धता करवा दी गई है। "मेरा गॉव मेरा गौरव" योजना के अन्तर्गत संस्थान के वैज्ञानिकों के विभिन्न दल गठित किये हैं जो छत्तीसगढ़ के विभिन्न गॉवों में नियमित रूप से किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु मासिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। संस्थान में इस समय निदेशक (कार्यवाहक), संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) तथा 14 वैज्ञानिक नियुक्त हो चुके हैं जो कि अपने–अपने कार्यक्षेत्रों में दृढ़तापूर्वक संलग्न हैं। संस्थान में अब पादप रोग, कीट विज्ञान, प्रसार, जैवप्रौद्योगिकी, पशु विज्ञान, मत्स्य विज्ञान में दक्ष वैज्ञानिक कार्यरत हो चुके हैं।

जगदीश कुमार
निदेशक (कार्यवाहक)

विशिष्ट सारांश

भा.कृ.अनु.प.– राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान 2016–17 में दो संयुक्त निदेशकों, संयुक्त निदेशक (फसल स्वास्थ्य जैव अनुसंधान) एवं संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) एवं 14 वैज्ञानिक जनबल एवं 14 विभिन्न विषयों के शस्य विज्ञान, कीट विज्ञान, पादप रोग विज्ञान, कृषि जैव प्रौद्योगिकी प्रसार, पशु विज्ञान एवं मत्स्य विज्ञान के साथ जुडवॉ शासनाधिकार को प्राप्त करने के लिए आश्चर्यजनक रूप से अग्रसर हैं। कुल 10 संस्थागत एवं तीन बाहरी वित्त पोषित परियोजना कार्यक्रम प्रणाली में संस्थान शासनाधिकार के अनुसार परियोजना सूत्रित की गई एवं चलाई गयी, जिनसे उत्पन्न परिणामों का सार प्रस्तुत किया जा रहा है।

1. करीब आधा दर्जन एक बीजपत्री एवं द्विबीजपत्री खरपतवार निचली भूमि सीधी रोपाई धान की उपज में नुकसान पहुँचाते है। कुछ क्रियायें जैसे नये खरपतवारनाशी अणुओं का मूल्यांकन पोषक एवं अन्तराल प्रबंधन एवं ढेंचा को खेत में हरी खाद के रूप में जुताई कर मिलाना आदि क्रियायें खरपतवार प्रबंधन हेतु आजमाई गई। प्रोटीलाक्लोर 67 प्रतिशत + पाइरेजोसल्फ्यूरान 0.15 प्रतिशत का निचली भूमि धान में रोपाई के 5 से 7 दिन बाद धमतरी, बिलासपुर व रायपुर में प्रक्षेत्र प्रदर्शन में खरपतवारों की 70 से 90 प्रतिशत वृद्धि कम हुई व उपज में 40 से 50 प्रतिशत भरपाई एवं खरपतवारनाशी 60 प्रतिशत अंगीकार किये गये।

2. धान की किस्म स्वर्णा में नत्रजन की 125 कि.ग्रा. पोटाश एवं फास्फोरस की अनुशंसित मात्रा का प्रयोग में लाने पर खरपतवारों का दबाव कम था। चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारों (29.1 से 44.4 प्रतिशत), घास (23.1 से 51.2 प्रतिशत) एवं सेजेज (19.8 से 34.4 प्रतिशत) का सापेक्ष घनत्व कम एवं अधिकतम उपज (6.43 क्विं/हैक्टेयर) प्राप्त हुई। नत्रजन (0 क्विं/हैक्टेयर) में उपज (3.6 क्विं/हैक्टेयर) प्राप्त हुई। ढेंचा समाविष्ट निचली भूमि धान के खेत में धान ने स्थापित होने में कम समय (30 प्रतिशत) लिया एवं क्रमशः उर्वरक व पानी की 27. 5 एवं 40.3 प्रतिशत बचत रही। ढेंचा समाविष्ट खेतों में उपज (20.3) एवं पुआल (7.1 प्रतिशत) की वृद्वि पाई गई। खरपतवारों की जनसंख्या 58.7 प्रतिशत कम पायी गई।

3. अनुपचारित की अपेक्षा सबसे अधिक खरपतवार नियंत्रण क्षमता हाथ से तीन बार (बुवाई के 20, 40 व 60 दिन बाद) खरपतवार निकालने में देखी गई। उसके बाद हाथ से दो बार (रोपाई के 20 व 40 दिन) खरपतवार निकालना रहा। सीधी रोपाई धान में पेंडीमेथीलीन खरपतवारों को कम करने में प्रभावी पायाा गया, उसके बाद पेनोक्ससुलम एवं पेंडीमेथीलीन एफबी बिस्पाइरीबेक सोडियम रहे।

4. जैविक स्ट्रैस द्वारा निचली भूमि धान की उपज में नुकसान का आंकलन करने पर अधिकतम उपज 6.96 क्विं/हैक्टेयर नाशीकीट, बीमारी एवं खरपतवार मुक्त उपचार में पायी गई। जबकि अनुपचारित में उपज 5.64 क्विं/हैक्टेयर प्राप्त हुई। उपज में सबसे अधिक नुकसान खरपतवारों द्वारा पाया गया।

5. गेहूँ की किस्म WH147 एवं जननदृव्य RWP2015-15 गुलाबी तना छेदक के लिए प्रतिरोधी पाये गये। सफेद बाली की संख्या एवं उपज सबसे कम 14 एवं उपज उपचार टी–9 {पोटेशियम 60 + सिलिका का छिड़काव (4 मिली/लीटर)} में पाई गई।

6. निचली भूमि धान में ट्राइकोग्रामा जाति के प्रक्षेत्र उपयोग हेतु खरीफ 2016 में भा.कृ.अनु.प.– राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान, रायपुर में पीला तना छेदक सेक्स फीरोमोन एवं प्रकाश प्रपंच की सहायता से पीला तना छेदक एवं पत्ती लपेटक की मौसमी एवं तुलनात्मक प्रचुरता की निगरानी की गई। तना छेदक की तीन जातियों क्रमशः पीला तना छेदक, धारीदार तना छेदक एवं सफेद तना छेदक की सक्रियता एवं फसल पर नुकसान करते देखा गया। इसमें पीला तना छेदक प्रमुख था। पीला तना छेदक की मादा सर्वप्रथम प्रकाश प्रपंच में अगस्त 2016 के प्रथम सप्ताह (31वॉ एम.एस.डब्ल्यू) में पकड़ी गई, जिसके द्वारा 1.1 प्रतिशत डेड हर्ट फसल में पाये गये। पीला तना छेदक का प्रथम उच्च स्तर अगस्त 2016 के तीसरे सप्ताह (33वॉ एम.एस.डब्ल्यू) व दूसरा उच्च स्तर अगस्त 2016 के चौथे सप्ताह (35वॉ एम.एस.डब्ल्यू) में देखा गया, जिसके द्वारा क्रमशः 3.6 एवं 3.83 प्रतिशत डेड हर्ट पाये गये। फसल अवधि के दौरान पत्ती लपेटक का नुकसान कम था। सापेक्ष आर्द्रता एवं वर्षा का पकड़े गये कीटो के साथ धनात्मक सहसंबंध जबकि अधिकतम (26.0 से 29.3 डिग्री सेल्सियस) व निम्नतम (17.4 से 25.5 डिग्री सेल्सियस) तापमान का दोनों कीटो द्वारा किये गये नुकसान के साथ धनात्मक सहसंबंध पाया गया। परियोजना के एक भाग के तौर पर रसायनों का एक समूह संतृप्त वसीय अम्ल (एन–हेक्सा–डेकानोइक अम्ल) मादा एवं नर पीला तना छेदक के शरीर के सार में एल्केन्स (डिकेन, ट्राईडिकेन, टेट्राडिकेन, आक्टोडिकेन, ईकोसेन, हेक्सा ट्राईकानटेन, ट्राई टेट्राकोनटेन व टेट्रा टेट्रा कानटेन) मादाओं, बीटा–पाईपेन, एल्फा पाइपेन एवं केरियोफाइलीन पीला तना छेदक द्वारा नुकसान किये हुये पौधों में जीसी–एम द्वारा विश्लेषण करने पर पहचान किये गये।

7. छत्तीसगढ़ राज्य के 14 जिलों (रायपुर, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, बिलासपुर, बलौदाबाजार, जॉजगीर–चॉपा, रायगढ़, महासमुंद, कोरबा, कोरिया, सूरजपुर, सरगुजा, एवं जशपुर) में किये गये सघन सर्वेक्षण की प्रारंभिक जानकारी में पाया गया कि विषाणु द्वारा होने वाली विभिन्न बीमारियों में बेगोमो विषाणु सबसे प्रमुख है एवं मूंग, अरहर, सेम, भिण्डी, स्पांज गार्ड आदि में भारी नुकसान करता है एवं सफेद मक्खी द्वारा संचारित है।

8. एण्डोफाइट्स ऐसे सूक्ष्मजीव है जो कि करीब–करीब पौधों की सभी जातियों में सहजीवी के रूप में रहते हैं एवं पौधों को कई प्रकार से सहायता में मददगार होते हैं। कुल 32 जीवाण्विक एण्डोफाइट्स अरहर एवं तिवड़ा से पृथक्कृत कर उनकी पहचान एवं चरित्र चित्रण कर एन.सी.बी.आई. में जमा कराये गये। एण्डोफाइट्स जीवाणु धान के पौधों के सभी भागों में पाये गये व उनकी सघनता जड़, तना एवं पत्तियों में अधिक थी। इन 32 जीवाणुओं के 16 एस राइबोसोमल आर.एन.ए. के अनुक्रमण एन. सी.बी.आई. में जमा कराये गये। धान के 50 जननदृव्य गॉठ ग्रंथि सूत्रकृमि के प्रति जॉच करने पर 17 संवेदनशील एवं 33 अतिसंवेदनशील पाये गये। अरहर, मूंग एवं उड़द को कोई भी जननदृव्य मेलाइडोगाइन इनकागनिटा के विरूद्ध प्रतिरोधी नहीं पाया गया। चने के छः जननदृव्य गॉठ ग्रंथि सूत्रकृमि के प्रति प्रतिरोधी एवं 63 संवेदनशील पाये गये।

9. छत्तीसगढ़ में वाहक जनित से पशुजन्य संक्रमण पर अध्ययन ने बताया कि पीसीआर विश्लेषण के माध्यम से पहचान के अनुसार बकरियों के उन्नीस नमूने क्यू बुखार के लिए सकारात्मक थे। एलिसा और लेटेक्स एग्लूटीनेशन टेस्ट द्वारा परीक्षण किए जाने पर, क्यू बुखार और लेप्टोस्पायरोसिस के लिए कृन्तक और मानव नमूनों में से कोई भी सकारात्मक नहीं था। लिस्टिरिया मोनोसाइटोजनीज के तनाव की स्थिति के तहत विभेदक जीन अभिव्यक्ति की रूपरेखा से पता चला कि lmo1602 जीन (सामान्य तनाव प्रोटीन के समान) में 4.96 के उच्चतम परिवर्तन दिखाया, इसके बाद 4.26 गुना परिवर्तन के साथ एसआईजीबी (विषाक्तता और तनाव–प्रतिक्रिया जीन का नियमन) lmo0515 (सामान्य तनाव प्रतिक्रिया में शामिल हो सकता है) 3.68 गुना परिवर्तन के साथ अन्य तीन जीन, lmo1416 (उच्च तनाव प्रतिक्रिया में शामिल हो सकता है), lmo2748 (एसिड, ऑस्मोटिक तनाव प्रतिक्रिया में शामिल बैसिलस में YdaG तनाव प्रोटीन के समान) और lmo0889 (कम तापमान, ऑस्मोटिक दबाव, अल्कोहल और एसिड का तनाव) दिखाया गया > 2 गुना परिवर्तन दो जीन अर्थात् lmo2461 और lmo0211 नीचे–विनियमित पाए गए, जिन्हें ठंडा तनाव प्रतिक्रिया और उच्च नमक तनाव प्रतिक्रिया कहा जाता है।

10. छत्तीसगढ़ राज्य में मवेशियों और भैंसों में गलघोंटू रोग की समग्र प्रसार दर 44 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि 2016 की बरसात के दौरान मृत्यु दर क्रमशः 13.85 और 7.27 प्रतिशत दर्ज किया गया। छत्तीसगढ़ के गोवंश में प्रजनन जैविक तनाव में, ब्रुसेलोसिस के 7.67 प्रतिशत सीरोप्रीवैलेंस और बीसीएसपीएस 1 जीन आधारित पीसीआर का उपयोग करके 17.75 प्रतिशत ब्रुसेला संक्रमण पाया गया। जगदलपुर से एकत्र हुए सीरम नमूनों में लेप्टोस्पिरोसिस का प्रसार नहीं देखा गया था, जबकि धमतरी, कांकेर, राजनांदगांव, दुर्ग और रायगढ़ से एकत्र किए गए नमूनों में यह सकारात्मक पाया गया।

11. जैविक तनाव के लिए भारतीय कार्प्स के प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया से संकेत मिलता है कि Aeromonas प्रजाति का संचयी प्रसार 87 प्रतिशत था और इसके बाद एस्चेरीचिया प्रजाति संचयी प्रसार दर 8 प्रतिशत और अन्य उपभेदों का संचयी प्रसार दर 5 प्रतिशत दर्ज किया गया, जिनमें सीट्रोबैक्टर प्रजाति, एंटरोबैक्टर प्रजाति, स्यूडोमोनास पुटीडा, क्लेबसाइला न्यूमोनी, फ्लैबैक्टीरियम, एल्क्लिजिंस और रोल्टैला ऑन्निथिनोलिटिका इत्यादि शामिल हैं, जिनकी पहचान MALDI-TOF एमएस विश्लेषण द्वारा किया गया।

12. एक समेकित साक्षात्कार अनुसूची सामाजिक–आर्थिक रूपरेखा, फसल प्रारूप, किसानों का विवरण, रासायनिक उपयोग प्रारूप, कृषि समुदाय के सामाजिक मुद्दों का पता लगाने के लिए विकसित किया गया। जैव नियंत्रण (ट्राइकोग्रामा) के बड़े पैमाने पर उत्पादन पर वृत्तचित्र, जंगली चॉवल और फिरोमोन तकनीक पर शैक्षणिक बहुमाध्यम प्रारूप तैयार करने के लिए द्विभाषी अनुदेशात्मक वीडियो का निर्माण किया गया।

13. किसान फर्स्ट कार्यक्रम में तीव्र ग्रामीण मूल्यांकन तकनीकों और सर्वेक्षण का इस्तेमाल किया गया और क्षेत्र की स्थिति का पता लगाया गया। लक्षित समूह के साथ तकनीकी अंतराल, शोध समस्या पहचान और प्राथमिकता का कार्य किया गया। किसान फर्स्ट कार्यक्रम के तहत दस क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किये गये और पाँच गाँवों के समूह से 1084 किसान लाभान्वित हुये।

14. भा.कृ.अनु.प.– राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान ने जैविक स्ट्रैस, उभरते हुये जैविक स्ट्रैस, कीट जैव विविधता पर कार्य करने के लिए एवं राष्ट्रीय स्तर पर जैविक स्ट्रैस पर डाटाबेस तैयार करने के लिए 10 संस्थानों के साथ फसलें जैसे चना, तिवड़ा, मक्का, छोटे अनाज, अरहर, बाजरा, बैंगन एवं चॉवल आदि का मूल जननदृव्य/संपूर्ण जननदृव्य/विदेशी प्रजातियों की नवीनता, खरीद एवं संयोजन हेतु संबंध स्थापित किया गया।

परिचय

भा.कृ.अनु.प.– राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान, रायपुर की स्थापना 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान 2012 में कृषि में जैविक स्ट्रैस प्रबंधन पर आधारभूत उपायतः एवं अनूकुलनीय अनुसंधान कार्य करने विभिन्न हिस्सेदारों के साथ तकनीकी प्रबंधन, नीति आधारित अनुसंधान, गुणवत्ता युक्त मानव संसाधन एवं शैक्षिक विशिष्टता हेतु संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से की गई।

राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान जैविक स्ट्रैस से निजात की दूरदर्शिता एवं कृषि समृद्धि बढ़ाने के लिए जैविक तनाव को कम करना तथा कृषि उत्पादन बढ़ाने के लक्ष्य के साथ उन्नति कर रहा है।

राष्ट्रीय जैविक प्रबंधन संस्थान से त्रिपक्षीय उद्देश्य के कार्य अपेक्षित है–

(1) आधुनिक क्षेत्र में दार्शनिक/विद्यालयी नेतृत्व एवं निर्धारित क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिग्री प्रदान करना।

(2) आधिक्यता एवं प्राथमिकता के आधार पर हानिकारक महामारी पर उपयुक्त अनुसंधान परियोजना नेटवर्क प्रणाली विकसित करना।

(3) जैविक स्ट्रैस प्रबंधन पर उपयुक्त नीति आधारित अनुसंधान कार्य करना।

भा.कृ.अनु.प.– राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान फसल विज्ञान विभाग, भा.कृ.अनु.प. नई दिल्ली के अधीन प्रत्यक्ष रूप से कार्य कर रहा है। निदेशक संस्था प्रमुख है एवं राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान की प्रगति प्रत्येक वर्ष अनुसंधान सलाहकार समिति एवं प्रत्येक 5 वर्ष में पंचवर्षीय समीक्षा समिति द्वारा अवलोकित की जाती है। चार संयुक्त निदेशकों में से संयुक्त निदेशक (फसल स्वास्थ्य जैव अनुसंधान) नियुक्त हो चुके हैं एवं निदेशक का कार्य देख रहे हैं। निदेशक पद फिलहाल रिक्त है एवं संभावना है कि बचे हुए तीन संयुक्त निदेशक जो कि फसल स्वास्थ्य प्रबंधन अनुसंधान, फसल प्रतिरोधिता प्रणाली अनुसंधान एवं फसल स्वास्थ्य नीति आधारित अनुसंधान का कार्य देखेंगे, की नियुक्ति के तुरंत पश्चात् निदेशक नियुक्त होंगे। संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान की सम्पूर्ण अनुसंधान परियोजनाओं का अनुश्रवण प्राधिकारी हैं। तीन इकाई क्रमशः संयुक्त निदेशक इकाई, परियोजना निगरानी एवं मूल्यांकन इकाई, एवं पादप अनुवांशिक संसाधन इकाई विभिन्न अनुसंधान संबंधित गतिविधियों की निगरानी के लिए संयुक्त निदेशक अनुसंधान के अधीन कार्य कर रही है। वर्ष 2016–17 के दौरान संस्थान प्रबंधन समिति, संस्थान अनुसंधान परिषद् एवं शैक्षणिक परिषद् आयोजित की गई एवं संस्थान प्रबंधन एवं अनुसंधान से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किये गये।

विभिन्न विषयों से संबंधित 14 वैज्ञानिकों द्वारा उनके निहित वादा एवं अनुसंधान एवं विकास गतिविधि कार्य के अनुसार 10 संस्थागत एवं 3 बाहरी वित्तपोषित अनुसंधान परियोजना, चार अनुसंधान कार्यक्रम क्रमशः फसल नुकसान आंकलन, पोषक प्रबंधन, पादप–कीटवाहक प्रतिक्रिया, पोषक पादप प्रतिरोधिता, पिरामिडिंग एवं जीन स्टेकिंग (धान में जीवाणु पत्ती तुलासीता), पादप एण्डोफाइट्स, व्यवहार में बदलाव लाने वाले सेमियोकेमिकल्स, पशुजन्य आदि संस्थान में जनबल एवं ढॉचागत सुविधा के बावजूद चलाये गये।

भा.कृ.अनु.प.– राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान, रायपुर (छत्तीसगढ़) का केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा विकसित मास्टर प्लान भा.कृ.अनु.प. के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जुलाई, 2016 में अनुमोदित हुआ। अनुमोदित मास्टर प्लान में 70 प्रतिशत क्षेत्र अनुसंधान फार्म एवं शेष 30 प्रतिशत विभिन्न ढॉचागत विकास के लिए रखा गया है। मास्टर प्लान में विभिन्न संघटक जैसे– प्रशासनिक भवन, चार स्कूल भवन, विभिन्न प्रयोगशालायें, लाइब्रेरी, सभा मण्डप, कांफ्रेंस रूम, कम्प्यूटर सुविधायें, निदेशक कक्ष, रजिस्ट्रार कार्यालय, वित्त नियंत्रक कार्यालय, जलपान गृह, महिला हॉस्टल, छात्र छात्रावास, विदेशी छात्र–छात्रावास, विवाहित छात्र–छात्रावास, किसान केन्द्र, शापिंग काम्पलेक्स, निवास, स्पोर्ट्स काम्पलेक्स एवं अन्य विकास कार्यों को अंतिम रूप दिया गया। मास्टर प्लान के अनुमोदन पश्चात् भा.कृ.अनु.प. के सक्षम प्राधिकारी द्वारा व्यय हेतु रूपये 52.87 करोड़ रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति मार्च, 2017 में प्रदान की गई जिससे प्रशासनिक भवन एवं दो स्कूल भवन, छात्र एवं छात्राओं हेतु छात्रावास एवं संस्थान के कार्यस्थल का निर्माण की अनुमति भी प्रदान की गई।

वर्ष 2016–17 के दौरान प्रयोगशालाओं के विस्तार, वैज्ञानिकों के बैठने के लिए, बीज भण्डार, मवेशी छाया, टाइप–II (4 नंबर) एवं टाइप–I (2 नंबर) क्वार्टर आदि पहले से मौजूद भवनों का नवीनीकरण किया गया। इसके अलावा पुरूष एवं महिला टायलेट बनवाये गये। इस कार्य की कुल लागत रूपये 25 लाख थी। मछलियों पर अनुसंधान गतिविधियों हेतु 6 सीमेंट की टंकियों की व्यवस्था की गई। संस्थान में बाधारहित विद्युत आपूर्ति हेतु 120 के.व्ही.ए. का जनरेटर खरीदा गया एवं स्थापित किया । संस्थान में 800 से अधिक पौधे एवं सजावटी पौधे लगाये गये जिनकी मूल्य रूपये 2.62 लाख है। पौधों में अशोक, सफेदा बोगन विलिया, शीशम, नीम, गुड़हल, बादाम एवं कनेर आदि लगाये गये।

अनुसंधान उपलब्धियाँ

संस्थान वित्तपोषित परियोजना

धान (ओराइज सटाइवा एल.) में विभिन्न जीवीय स्ट्रैस द्वारा फसल नुकसान के आंकलन हेतु प्रविधियों का विकास

खरीफ मौसम 2016–2017 के दौरान धान की दो किस्मों (महामाया एवं स्वर्णा) में विभिन्न जीवीय स्ट्रैस (नाशीकीट, बीमारियाँ एवं खरपतवार) द्वारा होने वाले नुकसान के आंकलन हेतु विभिन्न उपचारों (टी1–नाशीकीट + बीमारी मुक्त, टी2–नाशीकीट + खरपतवार मुक्त , टी3–बीमारी + खरपतवार मुक्त, टी4–नाशीकीट + बीमारी + खरपतवार मुक्त एवं टी5–अनुपचारित नियंत्रण) का परीक्षण संचालित किया गया।

धान किस्म महामाया में स्वर्णा की तुलना में पीला तना छेदक, पत्ती लपेटक, भूरापत्ती धब्बा प्रकोप , पत्ती झुलसा , भूरा माहू व हरा माहू का प्रकोप अधिक पाया गया।

खरपतवार की सघनता महामाया (3.28–80.211 वर्गमीटर) की अपेक्षा स्वर्णा (3.56–81.261 वर्गमीटर) में अधिक पाई गई। महामाया में पत्ती झुलसा रोग नहीं देखा गया। दोनों किस्मो (महामाया व स्वर्णा) में प्रभावी बालियों की संख्या उपचार टी4(नाशीकीट +बीमारी + खरपतवार मुक्त) में देखी गई। अधिकतम उपज दोनों किस्मों क्रमशः स्वर्णा (8.1 क्विं./हैक्टेयर) व महामाया (6.96 क्विं./हैक्टेयर) में उपचार टी4 (नाशीकीट +बीमारी +खरपतवार मुक्त) में दर्ज की गई। प्राथमिक अध्ययन में देखा गया कि उपज में सबसे अधिक नुकसान खरपतवार, उसके बाद नाशीकीट एवं बीमारियों द्वारा पाया गया।

कृषक खेत पर जीवीय स्ट्रैस प्रबंधन तकनीकियों के अंगीकार एवं प्रभाव का आंकलन व मूल्यांकन

खरपतवारनाशीयों को उपयोग करने की परिशुद्धता का ज्ञान कृषि विज्ञान केन्द्र के अधीन गाँवों (धमतरी व बिलासपुर) में सीमित था। धान की फसल में खरपतवार प्रबंधन हेतु खरपतवार प्रबंधन तकनीकियों का स्थानान्तरण किसान सहभागिता प्रदर्शन द्वारा करने की योजना बनाई गई। सुविधाजनक खरपतवार प्रबंधन हेतु पंजीकृत खरपतवार नाशी (दोहरी प्रणाली) के निरूपण एकबीजपत्री एवं द्विबीजपत्री खरपतवारों के विरूद्ध पहले से तैयार खरपतवारनाशी गेहूँ की फसल में प्रदर्शित किये गये। धान की सीधी बुवाई किसान किसी भी तरह की तकनीकी नहीं अपनाते हैं। यह अध्ययन छत्तीसगढ़ राज्य के तीन जिलों धमतरी, बिलासपुर व रायपुर में आयोजित किये गये। खरपतवारनाशी (प्रेटीलाक्लोर (6%) + पाइरेजो सल्फ्यूरान (0.15%) 20 ग्राम/हैक्टेयर की दर से कृषक खेत पर कृषक तकनीकी के साथ तुलनात्मक अध्ययन किया गया। खरपतवारनाशीयों द्वारा खरपतवारों के 90 प्रतिशत नियंत्रण, उपज में 30–40 प्रतिशत वृद्धि एवं 6000–7000 रूपये/हैक्टेयर बचत कृषक तकनीकी (दो बार हाथ से निंदाई) की तुलना में पाई गयी। रूपये 58650/हैक्टेयर की शुद्ध आय खरपतवारनाशीयों के प्रयोग से प्राप्त हुई। यह आंकड़े स्थान तथा किस्म को ध्यान में रखकर नहीं लिये गये।

धान–गेहूँ फसल कम की पोषक प्रबंधन कियाओं में जीवीय स्ट्रैस का अध्ययन

धान–गेहूँ फसल कम में नत्रजन पद्धति का उत्पादकता एवं खरपतवार श्रेणी पर प्रभाव

नत्रजन की विभिन्न (0 से 125 प्रतिशत) मात्राओं एवं अनुशंसित मात्रा (पोटास (40 कि.ग्रा./हैक्टेयर) व फास्फोरस (60 कि.ग्रा./हैक्टेयर) का धान की किस्म स्वर्णा में खरपतवार घनत्व खरपतवार का सूखा वज़न एवं खरपतवार विभिन्नता पर अध्ययन किया गया। अधिकतम खरपतवार घनत्व, सूखा वजन (खरपतवार) एवं खरपतवार विभिन्नता नत्रजन की शून्य मात्रा में देखी गई व सबसे कम नत्रजन 125 प्रतिशत मात्रा में देखी गई। अधिकतम उपज (6.43 क्विं./हैक्टेयर) नत्रजन की 125 प्रतिशत मात्रा में उसके बाद नत्रजन 100 प्रतिशत (6.1 क्विं./हैक्टेयर) एवं सबसे कम उपज (3.6 क्विं./हैक्टेयर) नत्रजन की शून्य मात्रा में पायी गई। गेहूँ की वृद्धि एवं उपज विशेषता नत्रजन की उच्च पद्धति में देखी गई। खरपतवारों का विकास एवं वृद्धि धान के समान देखी गई। अधिकतम उपज (3.30 क्विं./हैक्टेयर) नत्रजन की 125 प्रतिशत मात्रा में उसके बाद नत्रजन की 100 प्रतिशत (3.23 क्विं./हैक्टेयर) मात्रा में एवं शून्य नत्रजन उपचार में 1.0 क्विं./हैक्टेयर) पायी गई।

धान–गेहूँ फसल कम में प्राथमिक पोषक तत्वों के संयोजन का उत्पादकता एवं खरपतवार वितरण पर प्रभाव

धान की फसल में उर्वरकों की अनुशंसित

(नत्रजन 60, फास्फोरस 60 एवं पोटाश 40 कि.ग्रा./हैक्टेयर) मात्रा प्रयोग में करने पर खरपतवार का कम घनत्व पाया गया। अनुशंसित मात्रा प्रयोग करने पर फसल की वृद्धि एवं विकास अच्छा होने के कारण सूर्य की किरणें खरपतवारों तक नहीं पहुँच पाने के कारण खरपतवार घनत्व कम होना कारण हो सकता है। नत्रजन फास्फोरस एवं पोटाश की अनुशंसित मात्रा में खरपतवारों का कुल घनत्व नियंत्रण प्लाट की अपेक्षा कम था। अधिकतम उपज (6.84 क्विं./हैक्टेयर) अनुशंसित मात्रा नत्रजन 60, फास्फोरस 60 एवं पोटाश 40 कि.ग्रा./हैक्टेयर) में पायी गई, इसके पश्चात् नत्रजन 100, फास्फोरस 60 एवं पोटाश शून्य (6.40 टन/हैक्टेयर) में एवं सबसे कम (4.43 टन/हैक्टेयर) शून्य उर्वरकों के प्रयोग में दर्ज की गई। गेहूँ की फसल में भी धान की तरह उर्वरकों की अनुशंसित मात्रा में अधिकतम उपज (2.97 टन/हैक्टेयर) एवं सबसे कम (0.8 टन/हैक्टेयर) उर्वरकों के शून्य प्रयोग में पायी गई।

ढेंचा एवं बिना ढेंचा वाले खेतों में रोपित धान की खरपतवार प्रतिबंध एवं उपज पर तुलनात्मक अध्ययनः

अध्ययन में यह पाया गया कि धान के पौधे ढेंचा समाविष्ट खेत में स्थापित होने में 30 प्रतिशत समय (5.25 दिन) कम लेते हैं, व उर्वरकों की 27.5 प्रतिशत बचत भी होती है। इसके साथ–साथ फसल में पानी की आवश्यकता भी 40.3 प्रतिशत कम हो जाती है। ढेंचा समाविष्ट धान के खेत में बिना ढेंचा समविष्ट खेत की तुलना में धान के पौधे 3 प्रतिशत लम्बे, 30.3 प्रतिशत अधिक कल्ले, 15.1 प्रतिशत अधिक कलियॉं, 14.2 प्रतिशत भरे हुये दाने एवं 19.8 प्रतिशत कम खाली दाने पाये गये।

ढेंचा समाविष्ट खेत में धान की उपज (7521.1 क्विं./हैक्टेयर) पाई गई जो कि बिना ढेंचा समाविष्ट खेत की तुलना में 20.3 प्रतिशत अधिक थी। ढेंचा समाविष्ट खेत में घास, चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार एवं सेजेज क्रमशः 58.5, 59.1 एवं 44.9 प्रतिशत कम पाये गये। ढेंचा समाविष्ट खेत में कुल खरपतवार प्रतिबंध 38.7 प्रतिशत पाया गया।

धान की सीधी बुवाई में पंक्ति अन्तराल व खरपतवार प्रबंधन कियाओं का खरपतवार नियंत्रण दक्षता एवं उत्पादकता पर प्रभाव

स्वर्णा किस्म में महामाया की अपेक्षा 4.7 प्रतिशत अधिक उपज प्राप्त हुई जब यह 15 एवं 20 से.मी. पंक्ति अन्तराल पर विभिन्न खरपतवार सघनता पर बोई जाती है, कम पंक्ति अन्तराल पर ज्यादा पंक्ति अन्तराल की अपेक्षा 10 प्रतिशत अधिक उपज प्राप्त होती है। खरपतवार प्रबंधन सघनता में मध्यम खरपतवार वाले भूखण्ड में उपज 83.6 प्रतिशत अधिक व आंशिक खरपतवार वाले भूखण्ड में 75.1 प्रतिशत उपज प्राप्त हुई। धान की महामाया किस्म में 5.8 प्रतिशत खरपतवार सूखा जैव भार कम पाया जबकि संकीर्ण पंक्ति अन्तराल ने 11 प्रतिशत एवं मध्यम खरपतवार वाले भूखण्ड में खरपतवार सूखा जैव भार 78.8 प्रतिशत कम रहा, उसके पश्चात् आंशिक खरपतवार वाले भूखण्ड (68.1 प्रतिशत) पाये गये।

रोपित धान में खरपतवारों के विरूद्ध श्रेष्ठ खरपतवारनाशी के प्रदर्शन का अध्ययन

धान रोपाई के 3 दिन के भीतर पाइरेजोसल्फ्यूरान (25 ग्राम/हैक्टेयर) का छिड़काव उसके बाद 17–20 दिन बाद विस्पाइरीबैक (25 ग्राम/हैक्टेयर) व पेनोक्ससुलम (22.5 ग्राम/हैक्टेयर) का छिड़काव से खरपतवारों का 80–85 प्रतिशत कम रहा जो कि रोपाई के 30 एवं 60 दिन बाद 2 बार हाथ से निंदाई के समतुल्य था। अधिकतम उपज (7.2 टन/हैक्टेयर) 2 बार हाथ से निंदाई किये गये धान में प्राप्त हुई उसके बाद पाइरेजोसल्फ्यूरान एवं बिस्पाइरीबैक पाये गये।

आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण फसलों को प्रभावित करने वाले विषाणु जैसे जीवों का चरित्र चित्रण/वर्णन

छत्तीसगढ़ राज्य के मैदानी क्षेत्रों के 10 जिलों (रायपुर, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, बिलासपुर, बलौदाबाजार, जांजगीर–चांपा, रायगढ़ व महासमुंद) में विषाणु रोगों की व्यापकता समझने के लिए किसान के खेत पर आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण फसलों में सर्वेक्षण किया गया। मूंग, सेम एवं अरहर में 21–94 प्रतिशत तक पीला मोजेक विषाणु जबकि सब्जियॉं जैसे भिण्डी में 91–100 प्रतिशत पीत सिरा मोजेक एवं 78–100 प्रतिशत पर्ण कुंचन, स्पांज गार्ड में 78–98 प्रतिशत पर्ण सिकुड़न, करेला में 52–100 प्रतिशत पर्ण सिकुड़न एवं 43 प्रतिशत मोजेक बीमारी एवं फलदार फसलें जैसे पपीता में पर्ण कुंचन बीमारी पायी गई जो कि सफेद मक्खी द्वारा संचारित बेगोमो विषाणु द्वारा होना पाया गया। इसके अलावा क्षेत्र में दूसरी विषाणु जनित बीमारियॉं जैसे मूंग में पर्ण सिकुड़न (98 प्रतिशत), पपीता में रिंग स्पॉट (97 प्रतिशत), एवं ककड़ी में मोजेक (3 प्रतिशत) पायी गई। सर्वेक्षण एवं किसानों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में मूंग एवं उड़द में पीला मोजेक एवं पर्ण सिकुड़न, सेम में पीला मोजेक, टमाटर में पर्ण कुंचन एवं स्पाटेड उकड़ा, मिर्च में पर्ण

कुंचन, भिण्डी में पीला मोजेक, ककड़ी का स्पांज गार्ड एवं तुरई व करेला का पर्ण सिकुड़न एवं पर्ण कुंचन, पपीता का रिंग स्पाट एवं पर्ण कुंचन आदि महत्वपूर्ण विषाणु जनित बीमारियॉ पाई गई। प्राथमिक सूचना में यह पाया गया कि विभिन्न विषाणु जनित बीमारियों में बेगोमों विषाणु सबसे महत्वपूर्ण है एवं सबसे अधिक आर्थिक नुकसान किसानों को पहुॅचाते हैं।

गेहूॅ में गुलाबी तना छेदक की जैव पारिस्थितिकी एवं प्रबंधन

रबी 2016–17 में छत्तीसगढ़ राज्य के छः जिलों (बलौदाबाजार, बिलासपुर, जांजगीर–जांपा, रायगढ़, महासमुंद एवं रायपुर) के विभिन्न गॉवों में गेहूॅ फसल में गुलाबी तना छेदक का प्रकोप जानने के लिए सर्वेक्षण किया गया। सर्वे किये गये जिलों में गुलाबी तना छेदक का कम से मध्यम प्रकोप पाया गया।

गुलाबी तना छेदक के प्रति सहनशील/प्रतिरोधी किस्मों के मूल्यांकन हेतु गेहूॅ की 20 किस्में एवं 46 जनन दृव्य जॉच किये गये। गेहूॅ की किस्म WH 147 एवं जननदृव्य RWP 2015–15 गुलाबी तना छेदक के लिए प्रतिरोधी पाये गये। (रबी 2016–17 में)।

पोटेशियम एवं सिलिकॉन की विभिन्न मात्राओं का गुलाबी तना छेदक के प्रकोप एवं क्षति स्तर पर प्रभाव का मूल्यांकन किया गया। प्रयोग में 13 उपचार थे एवं गेहूॅ की किस्म GW-273 प्रयोग में लाई गई। भूमि में उपयोग हेतु सिलिका का स्त्रोत डायटामेसियस इर्थ एवं छिड़काव हेतु सिलिसिक अम्ल व पोटेशियम के लिए पोटेशियम क्लोराइड प्रयोग में लाया गया।

सफेद बाली की संख्या सबसे कम (14 एवं उपज उपचार टी–9 (पोटेशियम 60+सिलिका का छिड़काव (4 मिली/लीटर) में पाई गई।

पारस्परिक बहुमाध्यम मापदंड का विकास एवं धान एवं लाखड़ी में जीवीय स्ट्रैस प्रबंधन में प्रभाविता का परीक्षण

कृषक समुदाय का सामाजिक एवं आर्थिक व फसल वर्णन जानने के लिए एक समेकित साक्षात्कार अनुसूची विकसित की गई। साक्षात्कार द्वारा फसलों, रसायन उपयोग प्रारूप व समुदाय के सामाजिक मुद्दों एवं जरूरी सूचनाओं का पता लगाया गया। जैव नियंत्रण कारक (ट्राइकोग्रामा), उत्पादन इकाई, खरपतवार जैसा धान एवं फेरोमोन तकनीकी पर वृत्त चित्र बनाया गया। धान के प्रमुख नाशीकीटों, बीमारियों, खरपतवारों एवं परभक्षियों का अंकीय डाटाबेस प्रदर्शन एवं प्रकाशन हेतु तैयार किया गया। मौसमी फसलों में जीवीय स्ट्रैस कारकों का अंकीय संग्रहालय शुरू किया गया। एक–प्रसार पहल के भाग में किसान एस.एम.एस. पोर्टल पर पंजीकरण पूर्ण हो चुका है एवं किसानों के मोबाइल नम्बर डाटाबेस सृजन का कार्य शुरू किया गया।

धान की सीधी बुवाई में चिरस्थायी खरपतवार प्रबंधन

सीधी बुवाई धान की फसल में खरपतवार मुख्य समस्या थी एवं किसी एक खरपतवार नियंत्रक उपाय खरपतवार समस्या को कम करने में कारगर नहीं हैं। ढेंचा द्वारा खरपतवार घनत्व 54 प्रतिशत व खरपतवार शुष्क भार में 42 प्रतिशत की कमी देखी गई। कैल्शियम क्लोराइड द्वारा बीजोपचार करने से धान के अंकुरण में वृद्धि एवं बीज के स्थापित होने में कमी पाई जिससे 19 प्रतिशत घास, 21.6 प्रतिशत चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार एवं 22.2 प्रतिशत सेजेज के जैवभार में कमी देखी गई। धान की 15 से.मी. के अन्तराल पर बुवाई करने पर 25 से.मी. अन्तराल की अपेक्षा घास में 45 प्रतिशत, चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारों में 45.3 प्रतिशत व सेजेज में 35.6 प्रतिशत की कमी देखी गई।

छत्तीसगढ़ राज्य में उपलब्ध खरपतवार जैसे धान का एकत्रीकरण एवं विभिन्नता का अध्ययन

छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों (रायपुर, महासमुंद, जांजगीर–चांपा एवं बलौदाबाजार) से खरपतवार जैसे धान का एकत्रीकरण किया गया। इनमें से विशिष्ट विशेषता के आधार पर 15 विभिन्न समूह की पहचान की गई। ये प्रजाति गमले में बोई गई सामान्य अवस्था में केवल 2 प्रजाति ही अंकुरित हुई, जिन्होंने 7 दिन से अधिक समय लिया व ये महामाया के समान थी। गर्म पानी द्वारा उपचार करने पर आठ प्रजातियां अंकुरित हुई। प्रारंभिक अध्ययन से पता चला कि धान की गर्मी की फसल में भी खरपतवार जैसे धान की समस्या रहेगी। पानी का तापक्रम बढ़ने से खरपतवार जैसे धान के बीज अंकुरित होकर जल्दी स्थापित हो जाते हैं एवं पुष्पन एवं पकने के समय मुख्य फसल में एक समान नज़र आते हैं इनका बीज धान के साथ मिलकर धीरे–धीरे विस्तृत क्षेत्र में फैलते रहते हैं।

धान की वृद्धि एवं उपज पर इचिनोक्लोवा सघनता के प्रभाव का अध्ययन

इचिनोक्लोवा गमलों में विभिन्न सघनता (0.7 इचिनोक्लोवा/गमला, धान के 2 पौधों/गमला के साथ) बोया गया। यह देखा गया कि इचिनोक्लोवा सघनता 2–7.2 प्रतिशत बढ़ने पर पौधे लम्बे थे। बिना इचिनोक्लोवा के बजाय

इचिनोक्लोवा वाले गमलों में वृद्धि कारक गुणों जैसे 38.3 प्रतिशत कल्ले/हिल, 33.3 प्रतिशत पत्तियॉ, 18.1 प्रतिशत छोटी पत्तियॉ, 24.4 प्रतिशत कमी देखी गई। संसाधनों के प्रतिस्पर्धा की वजह से कल्ले/हिल, पत्तियॉ, छोटी पत्तियों की संख्या में कमी देखी गई। धान एवं इचिनोक्लोवा की उपज विशेषता को पादप सघनता के बदलाव के आधार पर कम किया जा सकता है। छोटे पेनिकल कम बीज वाले पेनिकल, हल्के पेनिकल एवं शुष्क भार में कमी धान एवं इचिनोक्लोवा में देखी गई।

पीला तना छेदक एवं पत्ती लपेटक के प्रबंधन के लिए ट्राइकोग्रामा जाति की प्रक्षेत्र पर कार्य क्षमता का अध्ययन

निचली भूमि धान में पीला तना छेदक एवं पत्ती लपेटक की मौसमी एवं तुलनात्मक प्रचुरताः–

निचली भूमि धान में ट्राइकोग्रामा जाति के प्रक्षेत्र उपयोग हेतु खरीफ 2016 में भा.कृ.अनु.प.– राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान, रायपुर में पीला तना छेदक सेक्स फीरोमोन एवं प्रकाश प्रपंच की सहायता से पीला तना छेदक एवं पत्ती लपेटक की मौसमी एवं तुलनात्मक प्रचुरता की निगरानी की गई। तना छेदक की तीन जातियों क्रमशः पीला तना छेदक, धारीदार तना छेदक एवं सफेद तना छेदक की सक्रियता एवं फसल पर नुकसान करते देखा गया। इसमें पीला तना छेदक प्रमुख था। पीला तना छेदक की मादा सर्वप्रथम प्रकाश प्रपंच में अगस्त 2016 के प्रथम सप्ताह (31 वॉ एम.एस.डब्ल्यू) में देखी गई, जिसके द्वारा 1.1 प्रतिशत डेड हर्ट फसल में पाये गये। पीला तना छेदक का प्रथम उच्च स्तर अगस्त 2016 के तीसरे सप्ताह (33वॉ एम.एस.डब्ल्यू) व दूसरा उच्च स्तर अगस्त 2016 के चौथे सप्ताह (35वॉ एम.एस.डब्ल्यू) में देखा गया, जिसके द्वारा क्रमशः 3.6 एवं 3.83 प्रतिशत डेड हर्ट पाये गये। फसल अवधि के दौरान पत्ती लपेटक का नुकसान कम था। सापेक्ष आर्द्रता एवं वर्षा का पकड़े गये कीटो के साथ धनात्मक सहसंबंध जबकि अधिकतम (26.0 से 29.3 डिग्री सेल्सियस) व निम्नतम (17.4 से 25.5 डिग्री सेल्सियस) तापमान का दोनों कीटो द्वारा किये गये नुकसान के साथ धनात्मक सहसंबंध पाया गया।

धान के पौधों एवं पीला तना छेदक से उत्पन्न कैरोमोन की पहचानः

परियोजना के एक भाग के तौर पर रसायनों का एक समूह संतृप्त वसीय अम्ल (एन–हेक्सा–डेकानोइक अम्ल) मादा एवं नर पीला तना छेदक के शरीर के सार में एल्केन्स (डिकेन, ट्राईडिकेन, टेट्राडिकेन, आक्टोडिकेन, ईकोसेन, हेक्सा ट्राईकानटेन, ट्राई टेट्राकोनटेन व टेट्रा टेट्रा कानटेन) मादाओं, बीटा–पाईपेन, एल्फा पाइपेन एवं केरियोफाइलीन पीला तना छेदक द्वारा नुकसान किये हुये पौधों में जीसी–एमएस द्वारा विश्लेषण करने पर पहचान किये गये।

फसल प्रणाली में सूत्रकृमि पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना

देश में आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण सूत्रकृमियों की विभिन्नता एवं वितरण का प्रति चित्रण/पता लगाना

आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण फसलें जैसे धान्य वर्गीय, दाले, तिलहनी, सब्जियॉ, मसाले, दवाईयां एवं सुगंधित पौधों को संक्रमित करने वाले पादप परजीवी सूत्रकृमियों की पहचान एवं दस्तावेज तैयार करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर, दुर्ग, बेमेतरा, कवर्धा एवं बिलासपुर जिलों में खरीफ–2016 के दौरान सर्वेक्षण किया गया। धान, दालों, भिण्डी, बैंगन, करेला, लौकी, टमाटर, मिर्ची के खेतों से 200 सीसी मृदा 5 ग्राम पौधों की जड़सहित इकट्ठी की गई। सूत्रकृमि को मृदा एवं जड़ से निकाला गया। जड़ग्रंथि सूत्रकृमि की जनसंख्या चटौद गॉव से एकत्रित किये गये मृदा नमूनों में सर्वाधिक (1248/200 सीसी मृदा+ 5 ग्राम जड़) पाई गई। मेलाइडोगाइन एन्कागनिटा का उच्च स्तर सब्जियों में दुर्ग जिले के नदी के घाट क्षेत्र में पाया गया। सर्वेक्षण के दौरान धान में मेलाइडोगाइन ग्रेमिनीकोला सब्जियों में मेलाइडोगाइन इन्कागानिटा एवं दालों में हेलिकोटाइलेन्कस जाति प्रमुख सूत्रकृमि पाये गये।

धान के जननद्रव्य की जड़ग्रंथि सूत्रकृमि (मेलाइडोगाइन ग्रेमिनीकोला) के लिए प्रतिरोधिता की जॉच

परियोजना समन्वयक, सूत्रकृमियों पर अखिल भारतीय अनुसंधान परियोजना, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली से प्राप्त धान के 50 जननद्रव्यों को खरीफ 2016 में रोगाणुरहित मृदा वाले गमलों (10x10 से.मी.) में बुवाई किये गये गमलों में 15 दिन पुराने धान के पौधों को मेलाइडोगाइन ग्रेमिनीकोला के 200 द्वितीय अवस्था के किशोर सूत्रकृमियों द्वारा संक्रमित किया गया। बुवाई के 45 दिन बाद पौधों को सावधानीपूर्वक उखाड़ा गया एवं धोने के बाद जॉच की गई। 50 जननद्रव्यों में 17 संवेदनशील एवं 33 अतिसंवेदनशील पाये गये।

दलहन फसलों के आशाजनक जननदृव्यों का जड़ग्रंथी सूत्रकृमियों के विरूद्ध जॉच

अरहर (68), मूंग (18), चना (69) एवं उड़द (10) जननदृव्यों की खरीफ 2016 एवं रबी 2016–17 में गमलों में जड़ग्रंथी सूत्रकृमि के विरूद्ध जॉच की गई। 15 दिन पुराने दाल के पौधे (एक/गमला) को मेलाइडोगाइन इन्कागनिटा की द्वितीय अवस्था के 1000 सूत्रकृमियों (किशोर) से संक्रमित किया गया। 45 दिन बाद पौधों को सावधानीपूर्वक उखाड़कर एवं पानी से धुलाई करके गॉठ सूचकांक एवं अण्ड समूह (प्रति 5 ग्राम जड़) की संख्या देखी गई एवं 1–5 मापदण्ड पर विभक्त किया गया। अरहर, मूॅग एवं उड़द का कोई भी जननदृव्य प्रतिरोधी व मध्यम प्रतिरोधी नहीं पाया गया व गॉठ सूचकांक एवं अण्ड समूह के आधार पर संवेदनशील पाये गये। चना के 69 जननदृव्यों में से छः मध्यम प्रतिरोधी जबकि 63 जड़ग्रंथी सूत्रकृमि से संवेदनशील पाये गये।

धान, दलहन फसल प्रणाली में आदिवासी किसानों का कृषि उद्यमों द्वारा सामाजिक एवं आर्थिक उन्नयनः एक किसान सहभागिता पद्धति

किसान फर्स्ट कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् का उत्पादन एवं उत्पादकता के अतिरिक्त लघु कृषकों के लिए किसान–वैज्ञानिक परिचर्चा एक नई पहल है। इस पहल के तहत बहु–आयामी अनुसंधान समूहों ने मौजूदा धान–दलहन फसल प्रणाली, जीविका प्रारूप, प्राथमिकता, समस्या की पहचान, आवश्यकता, सहभागियों की पहचान एवं सामाजिक एवं आर्थिक प्रारूप का अन्वेषण किया। आवश्यक एवं उपयुक्त मध्यवर्त जैसे फसल आधारित, पशुपालन आधारित, उद्यानिकी आधारित एवं प्राकृतिक संसाधन आधारित उद्यम का संचरण हेतु चयन किया गया। तीव्र ग्रामीण मूल्यांकन तकनीक, सर्वेक्षण व प्रक्षेत्र स्तर की स्थिति का अन्वेषण किया गया। किसानों की आवश्यकतानुसार तकनीकियों का संग्रह कर विभिन्न मध्यवर्त पर क्षमता विकास कार्यक्रम आयोजित किये गये। किसानों हेतु विभिन्न कार्यक्रम/गतिविधियॉ जैसे चयनित मध्यवर्त पर किसान संवेदनशील कार्यक्रम, किसान वैज्ञानिक संवाद, सहभागिता ग्रामीण मूल्यांकन, किसान भ्रमण कार्यक्रम, कृषि चलचित्र दिखाना, मशरूम उत्पादन पर प्रशिक्षण, किसानों को बकरियों की विभिन्न नस्लों (सिरोही, बारबरी, जमुनापारी) का वितरण आदि गतिविधियॉ आयोजित की गई।

किसान फर्स्ट कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ के आदिवासी किसानों के लिए संरक्षित खेती एवं परिशुद्धता खेती पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गयेः

किसान फर्स्ट कार्यक्रम के तहत आदिवासी किसानों के विकास के लिए राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान, रायपुर ने एक दिवसीय किसान हेतु प्रदर्शन एवं शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया। इस शैक्षणिक भ्रमण में 75 आदिवासी पुरूष व महिलाओं ने भाग लिया। इस गतिविधि में किसानों का इंदिरा गॉधी कृषि विश्वविद्यालय में संरक्षित खेती एवं परिशुद्धता खेती पर वैज्ञानिकों से संवाद कराया गया व वैज्ञानिकों ने उच्चस्तरीय खेती (मशरूम, टमाटर, पपीता, स्ट्राबेरी एवं जरबेरा की खेती) पर किसानों से विचार–विमर्श किया। किसानों को मशरूम उत्पादन इकाई का भ्रमण कराया गया व आयस्टर मशरूम की खेती के बारे में अवगत कराया गया। इसके अलावा किसानों को कृषि संग्रहालय, खेती की तकनीक, फसल उत्पादन गतिविधियॉ, समेकित फसल प्रणाली, मृदा परीक्षण, वर्मी कम्पोस्ट, कृषि उपकरण एवं धान की जैव विविधता आदि के बारे में विस्तार से बताया गया।

फसल पोषण की वृद्धि एवं जीवीय स्ट्रैस प्रबंधन हेतु फली फसलों में पादप एण्डोफाइट्स का अनावरण

अरहर तथा तीवरा से पृथक्कृत जीवाण्विक एण्डोफाइट्स का रूपात्मक एवं रसायनिक विशेषीकरण–

उपयुक्त पोषक माध्यमों का उपयोग करके अरहर (20) और तीवरा (14) से कुल 34 जीवाण्विक एण्डोफाइट्स का पृथक्करण किया गया। इन जीवाण्विक एण्डोफाइट्स के शुद्ध संवर्धों को कॉलोनी आकारिकी, ग्राम स्टेन लक्षण, बैक्टीरियल आकृति विज्ञान और जैव रासायनिक गुणों के आधार पर विशेषीकृत किया गया।

अरहर के 20 जीवाण्विक संवर्धों में से 10 संवर्ध ने ग्राम स्टेन के पश्चात् सकारात्मक प्रतिक्रिया प्रदर्शित की और इनमें से अधिकतर आकार में छड़ीकार या कोकोबैसिलाई थे। लगभग 15 संवर्धों में ऑक्सीडेंस परिक्षण सकारात्मक पाया गया जो कि जीवाणुओं में साइटोफोम ऑक्सीडेंस एंजाइम की उपस्थिति तथा ऑक्सीजन उपयोग कर उर्जा उत्पादन की क्षमता दर्शाता है। तीन संवर्धों के अलावा सभी में केटालेज़ परीक्षण सकारात्मक पाया गया जो कि हाइड्रोजन पेरोक्साइड, चयापचयों के अंतिम उत्पाद एवं विष को बदलने की क्षमता रखता है तथा कोशिकाओं को ऑक्सीडेटीव क्षति से रक्षा प्रदान करता है। करीब 17 संवर्ध नाइट्रेट परीक्षण में सकारात्मक पाए गए जो कि इन जीवाणुओं में

नाइट्रेट रिडक्टेस एंजाइम की उपस्थिति दर्शाता है तथा नाईट्रेट एवं नाईट्राइट का नाइट्रीकरण में योग्यता सिद्ध करता है। अधिकतम जीवाणुओं में एम.आर. तथा व्ही.पी. परीक्षण द्वारा ग्लूकोज़ की अम्लीय अंत उत्पादों में बदलने में उपयोगी पाया गया। करीब 14 संवर्धों में सिट्रेट टेस्ट सकारात्मक पाया गया जो कि जीवाणुओं में सिट्रेट को कार्बन का एकमात्र स्त्रोत के रूप में उपयोग करने की क्षमता दर्शाता है। सिर्फ 6 संवर्धों में एमिनो एसिड ट्रिप्टोफैन से इण्डोल उत्पादन की योग्यता पाई गई।

ट्रीपल शुगर ऑयन (ज्रै) परीक्षण में 9 संवर्धों में ग्लूकोज़, फ्रक्टोस एवं सुक्रोज़ को उपयोग करने की क्षमता पाई गई। केवल 8 संवर्धों में सिर्फ ग्लूकोज़ को उपयोग करने की क्षमता है। जबकि 3 संवर्ध कोई भी सकर का उपयोग करने में असमर्थ पाए गए। सभी 34 संवर्ध हाइड्रोजन सल्फाइड गैस उत्पन्न करने में असमर्थ पाए गए।

तीवरा के 14 जीवाण्विक संवर्धों में से 8 ग्राम स्टेन सकारात्मक पाए गए। इन जीवाणुओं में से अधिकतर रॉड आकार/कोकोबैसिलाई थे। करीब 6 संवर्ध आक्सीडेंस सकारात्मक, तथा 12 कैटेलेस् तथा नाईट्रेट सकारात्मक पाए गए। कुल 9 संवर्ध एम.आर. सकारात्मक थे, जबकि कुल 10 संवर्ध सीट्रेट सकारात्मक तथा 7 इंडोल और यूरियेज़ सकारात्मक पाए गए। टी.एस.आई. परीक्षण में 4 संवर्ध तीनों सकर का उपयोग कर गैस उत्पन्न किए जबकि 5 संवर्ध ने केवल ग्लूकोज़ का उपयोग किया। 14 संवर्धों में से किसी में भी हाइड्रोजन सल्फाइड गैस का उत्पादन नहीं किया।

धान (ओरिज़ा सेटिवा) से पृथक्कृत जीवाण्विक एण्डोफाइट्स का रूपात्मक आण्विक तथा रसायनिक विशेषीकरण

प्रस्तुत अध्ययन में छत्तीसगढ़ में बोई जाने वाली धान की विभिन्न किस्म जैसे– आई.आर.64, स्वर्णा, विष्णुभोग, तुलसीमंजरी, जयगुण्डी, दुबराज आदि पौधों के विभिन्न भागों–जड़, पत्ता, तना, फूल एवं बीज से जीवाण्विक एण्डोफाइट्स का पृथक्करण एवं विशेषीकरण किया गया। इसके लिए धान के फायल्लोस्फैर (पत्ता, तना, फूल एवं बीज) तथा राइज़ोस्फ़ेर (जड़) के नमूनों की बाहरी सतह को रोगाणुहीन किया गया। इन विसंक्रमित नमूनों को मूल और चयनात्मक पोषक माध्यम में उपजाया गया। धान से कुल 32 जीवाण्विक एण्डोफाइट्स पृथक्कृत एवं विशुद्ध किए गए, तथा इनका रूपात्मक, आण्विक एवं रसायनिक विशेषीकरण किया गया। इनमें रसायनिक परीक्षण जैसे–ग्राम स्टेन, आक्सीडेज़, केटेलेज़, इंडोल, मिथाइल रेड, वोग्स प्रोस्कर, सिट्रेट आदि किए गए। लगभग सभी संवर्ध केटेलेस सकारात्मक पाए गए। करीब 24 संवर्ध आक्सीडेज़ सकारात्मक पाये गए। जबकि 25 संवर्ध नाइट्रेट सकारात्मक थे। अधिकतर संवर्धों में ग्लूकोज़ को अम्लीय अंत उत्पाद में बदलने की क्षमता पाई गई।

सभी 32 जीवाण्विक एण्डोफाइट्स का 14 बहुपयोगी एंटीबायोटिक्स के उपयोग से एंटीबायोटिक संवेदनशीलता परीक्षण किया गया। अधिकतर संवर्धों में मेथिसिलिन के लिए प्रतिरोधकता पाई गई। जबकि अधिकतर संवर्ध में जेंटामाइसिन, स्ट्रेप्टोमाइसीन, टेट्रासाइक्लीन, गैटीफलाक्सासीन के लिए संवेदनशीलता पाई गई। जीवाण्विक एण्डोफाइट्स का 165 राईबोज़ोमल आर.एन.ए. के पी.सी.आर. प्रवर्धन द्वारा आण्विक विश्लेषण परीक्षण से महत्वपूर्ण आनुवंशिक विविधता पाई गई। इन जीवाण्विक एण्डोफाइट्स के 16S राइबोज़ोमल आर.एन.ए. के जीन एम्प्लिकॉन के अनुक्रमण द्वारा बैसीलस सीरियस, बैसीलस पुमिलस, बैसीलस स्बटीलस, बैसीलस थरमोफ्रिलस, एन्टेरोबैक्टर क्लोकी, क्लैबसिला निमोनी, जेन्थोमोनास सेकैरी के रूप में पहचान हुई।

जीवाण्विक एण्डोफाइट्स धान पौध के सभी भागों से पृथक्कृत किए गए तथा जड़, तना तथा पत्तों में काफी अधिक मात्रा में पाए गए। इन 32 जीवाणुओं के 16S राईबोज़ोमल आर. एन.ए. के अनुक्रमण (सीक्वेंस) एन.सी.बी.आई. में जमा किए तथा इनका परिग्रहण क्रमांक है–

KY927393, KY927399, KY911276, KY930702, KY930716, KY927847, KY927850, KY930332, KY930334 एवं KY962816

इन एण्डोफाइट्स का आगे चलकर फसल पोषण तथा विभिन्न जीवीय स्ट्रैस प्रबंधन में इनकी संभावित भूमिका के लिए प्रयास किया जा सकता है, जो कि अंततः फसल उत्पादकता और किसानों के आय को बढ़ाने के लिए मददगार सिद्ध हो सकते हैं।

गाय और भैंसों में गलघोंटू रोग का महामारी अध्ययन और आर्थिक नुकसान का आकलन

बीमारियों की घटना एक महत्वपूर्ण कारक है जो उत्पादकता को प्रभावित करती है और मुख्यतः गरीब, सीमांत और भूमिहीन किसानों के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक नुकसान का कारण है। बरसात के मौसम में गाय और भैंसों में गलघोंटू (हेमोराजिक सैप्टिसिमिया) के कारण कुल आर्थिक नुकसान रूपये 3,43,34,000.00 हुआ था।

इस अध्ययन के दौरान कुल 288 नमूनों की जांच गलघोंटू के प्रातिक प्रकोपों और छिटपुट दोनों मामलों से की गई थी । वर्ष 2015–16 के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों में गाय और भैंसों में गलघोंटू का प्रसार दर 44%, रोगी दर और मृत्यु दर क्रमशः 13.85% और 7.27% दर्ज किया गया। विभिन्न अंगों में पाए जाने वाले पैथोलॉजिकल घावों में झिल्ली के ऊपर छोटे बिन्दुनुमा व बड़े रक्तस्राव पाए गए थे। फेफड़े मुख्य रूप से प्रभावित अंग हैं जो विभिन्न प्रकार के निमोनिया का प्रदर्शन करते हैं, मुख्यतौर पर, यह रक्तस्रावी निमोनिया था । हृदय में गंभीर छोटे बिन्दुनुमा व बड़े रक्तस्राव देखा गया। कलेजे और प्लीहा में सूजन और छोटे बिन्दुनुमा रक्तस्राव थे। गुर्दे में सूजन पाया गया और प्रभावित जानवरों में रक्तस्रावी आंत्रशोथ थे। इस अध्ययन से यह प्रतीत होता है कि सरकार के द्वारा चलाये जा रहे गहन टीकाकरण कार्यक्रम के बावजूद छत्तीसगढ़ में गाय और भैंसों में गलघोंटू रोग अभी भी एक प्रमुख जैविक बलाघात है जो कि किसानों के आर्थिक नुकसान का एक बड़ा कारण है ।

छत्तीसगढ़ राज्य में वाहक जनित पशुजन्य संक्रमण का पारिस्थितिक और सीरोलॉजिकल अध्ययन

वाहक जनित रोग एक महत्वपूर्ण पशुजन्य रोगों को गठित करता है जो कि वन्य जीव, घरेलू जानवरों और मनुष्यों के बीच फैलता है। आक्रामक प्रजातियों से उत्पन्न उभरते रोगाणु कई महत्वपूर्ण महामारियों का कारण बना है । वर्ष 2016–17 के दौरान कुल 326 नमूने जिनमें बकरी (242), मानव (42), कृन्तक (17) और पर्यावरण (25) एकत्र किए गए थे, उनमें से क्यू बुखार के लिए बकरियों और कृन्तकों से एकत्र नमूने की जांच की गई। पीसीआर विश्लेषण द्वारा पहचान किए जाने वाले क्यू बुखार के लिए बकरियों से प्राप्त 19 नमूनों को सकारात्मक पाया गया। क्यू बुखार के लिए कृन्तक नमूनों में से कोई भी सकारात्मक नहीं पाया गया। इसी प्रकार ELISA और लेटेक्स एग्लूटीनेशन टेस्ट द्वारा परीक्षण किए जाने पर क्यू बुखार और लेप्टोस्पायरोसिस के लिए मानव नमूनों में से कोई भी सकारात्मक नहीं था। कृन्तकों का 1 नमूना स्क्रब टायफस के लिए सकारात्मक था। जानवरों के शरीर पर किलनी की उपस्थिति और साफ सफाई पर ध्यान न देना और जानवरों की कई प्रजातियों को एक साथ रखने से क्यू बुखार का खतरा बना रहता है।

एकीकृत कृषि प्रणाली में जीवीय बलाघात के लिए भारतीय प्रमुख कार्प्स की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया पर अध्ययन

मछली में जीवाणुजनित रोग मछलीपालन प्रणाली में एक गंभीर खतरा है जो भारत के मछली फार्मों में अत्यधिक नुकसान और गंभीर रोगों का कारण है। फार्म और बाजारू मछलियों में से बीमार मछलियों के कुल 250 नमूने की जांच किये गए, बीमार मछलियाँ जो कि ऊतक के घावों, भूख न लगना और पेट में सूजन जैसे लक्षण दिखाए। नमूना सेंट्रल प्लेन जोन (50%) के विभिन्न जिलों के मछली फार्मों से और छत्तीसगढ़ के बस्तर पठार क्षेत्र (29%), से एकत्र किए गए थे। पूर्व, autoclaved बोतलों में पानी, तलछट और मछली के नमूने एकत्र किए गए थे। व्याप्तता और नमूनाकरण का काम, रिपोर्टिंग अवधि के दौरान एयरोमोनास हाइड्रोफिला के व्यापकता, रोग और आणविक विशेषताओं के अध्ययन लिए किया गया था। संग्रह के तुरंत बाद उन्हें बर्फ बॉक्स में संग्रहित किया गया और माइक्रोबियल विश्लेषण किया गया। भौतिक रसायनिक मापदंडों के विश्लेषण के लिए मानक प्रक्रिया का अनुसरण भी किया गया जैसा कि एपीएचए में वर्णित है। गुर्दा, पेट, गलफड़े और मांसपेशियों के ऊतकों को बैक्टीरियल परीक्षाओं के लिए इस्तेमाल किया गया।

अनुमानित एयरोमोनास प्रजातियों के 100 से अधिक आइसोलेट्स को ब्रेन हार्ट इन्फ्यूजन अगार और एयरोमोनास चयनात्मक मीडिया पर अलग किया गया था । कॉलोनियां भेड़ रक्त अगार पर हेमोलीटिक हैं। ब्रेन हार्ट इन्फ्यूजन अगार प्लेट पर कॉलोनी हल्के पीले रंग से पीले रंग के लिए सफेद होते हैं। जीवाणु ग्राम–नकारात्मक, रोड हैं और आण्विक और जैव रासायनिक परीक्षणों के आधार पर इसकी पुष्टि की गई है। तत्पश्चात् माल्डी–टॉफ एमएस ("मैट्रिक्स असिस्टेड लेजर डिसेप्शन / आयनकरण –फ्लाइट मास स्पेक्ट्रोमेट्री का समय) विश्लेषण किया गया । इस अध्ययन से यह प्रतीत होता है कि छत्तीसगढ़ के बिभिन्न क्षेत्रों के मछली फार्मों में अक्सर एरोमोनास प्रजाति के थे। बीमारियों के नमूनों में से एरोमोनास की प्रजातियों का संचयी प्रभाव 87% था, इसके बाद एस्चेरीचिया प्रजाति 8% और 5% अन्य प्रजातियों का जैसे– सीट्रोबैक्टीर प्रजाति, एंटरोबैक्ट प्रजाति, स्यूडोमोनास पुतिदा, क्लेबसिएल्ला न्यूमोनी, एसिनेटोबक्टेर जेजुनी और रोल्टैला ओर्निथोलैटिका से संबंधित

अन्य प्रजातियों का माल्डी–टॉफ एमएस विश्लेषण द्वारा पुष्टि किया गया ।

एयरोमोनास के लिए विस्तृत फीनोटाइपिक अध्ययन

सभी एयरोमोनास प्रजाति का परीक्षण 26 रूपात्मक और जैविक विशेषताओं, 31 जैव रासायनिक विशेषताओं और 24 कार्बोहाइड्रेट किण्वन परीक्षणों के लिए परीक्षण किया गया था। कैटालेज, साइटोक्रोम ऑक्सीडेज, स्टार्च हाइड्रोलिसिस, ग्लूकोस और ग्लिसरॉल से गैस, ओएनपीजी टेस्ट, एर्जिनिन डाइहाइड्रॉलेज और हेमोलीसिस गतिविधि, अर्जिनीन और हिस्टिडीन का उपयोग, इण्डोल, सिमोन साइट्रेट और नाइट्रेट के लिए परीक्षण किए गए सभी एयरोमोनास प्रजाति निश्चित रूप से सकारात्मक थे। हाइड्रोजन सल्फाइड, ऑर्नीथिन डिकारबॉक्बिलेशन और एडेनिनटोल, डुलसीटोल, इनॉसिटोल, रमनोस, सोर्बिटोल के किण्वन के लिए अनिवार्य रूप से नकारात्मक परिणाम देखे गए थे।

एयरोमोनास का एंटीबायोग्राम

सभी एयरोमोनास प्रजातियों के लिए एंटीबायोटिक संवेदनशीलता परीक्षण किया गया । खाद्य श्रृंखला में एंटीबायोटिक प्रतिरोधी रोगजनकों की उपस्थिति सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरों को दर्शाता है। 91.30% आइसोलेट्स को वन्कोमैसिन के लिए प्रतिरोधी, 56.52% रिफाम्पिसिन के लिए, कनामैसिन के लिए 47.82%, कोलिस्टिन के लिए 21.73%, अमोक्सिसिल्लिन क्लावुलानिक एसिड के लिए 91.30%, पीफ्लॉक्सासिन के लिए 17.39% और एम्पीसिलीन के लिए 100% प्रतिरोध दर्ज किया गया। 30.43% आइसोलेट्स ट्राईमेथोप्रिम और जेनेटमिसिन के लिए मध्यवर्ती पाए गए थे। जबकि, 100% आइसोलेट्स को लेवोफ्लॉक्सासिन, ऑक्सीटेट्रासायक्लिन, सेफोटैक्सिम, स्ट्रेप्टोमाइसिन, टेट्रासाइक्लिन, सेफिक्सिम, ऑफलॉक्सासिन और डॉक्सिसैक्लिन के प्रति संवेदनशील पाया गया।

अनुसंधान गतिविधियों के दौरान प्राप्त सभी जीवाणु आइसोलेट्स को डुप्लिकेट में –20 डिग्री और –80 डिग्री सेल्सियस पर क्रायो परिरक्षित किया गया है और प्रमाणन और परिग्रहण संख्या के लिए पशु चिकित्सा प्रकार संसति संग्रह, राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र, सिरसा रोड, हिसार हरियाणा में जमा किए गये हैं ।

बोवाइन में प्रजनन जैविक तनाव रोग से जुड़े रोगाणुओं पर अध्ययन

ब्रुसेलोसिस

बोवाइन (गोवंश) ब्रुसेलोसिस के खिलाफ एंटीबॉडी का पता लगाने के लिए 6 जिलों के कुल 340 सीरम नमूनों को अप्रत्यक्ष एलिसा द्वारा जांच किया गया था। उनमें से 26 को ब्रूसेलोसिस के लिए सकारात्मक पाया गया जो कि कुल मिलाकर 7.65% ब्रुसेलोसिस सीरोप्रीवेलेंस को दर्शाता है। पीसीआर प्रोटोकॉल को ब्रुसेला एबर्टस, लेप्टोस्पाइरा प्रजाति और बोवाइन हरपीस वायरस – 1 की पहचान के लिए मानकीत किया गया था। 5 जिलों के 240 रक्त के नमूनों से निकाले जाने वाले डीएनए को पीसीसी आधारित बीसीएसपी 31 जीन के प्राइमरों के उपयोग से ब्रुसेलोसिस का पता लगाने के लिए किया गया था जिसमें 636 बीपी आकार का उत्पाद प्राप्त हुआ था। 18.75% ब्रुसेला संक्रमण के जिलावार व्यापकता चित्र बनाया गया।

लेप्टोस्पायरोसिस

छत्तीसगढ़ के जगदलपुर जिले के कुल 90 सीरम नमूने को अप्रत्यक्ष एलिसा के उपयोग से गोवंशीय लेप्टोस्पायरोसिस के खिलाफ एंटीबॉडी की उपस्थिति के लिए परीक्षण किया गया। लेप्टोस्पिरोसिस के लिए नमूने में से कोई भी सकारात्मक नहीं पाया गया। पीसीआर से पता चला है कि लेप्टोस्पाइरा संक्रमण के लिए 5 जिलों से प्राप्त 240 रक्त के नमूनों में से 48 नमूनों को सकारात्मक पाया गया।

गोवंशीय संक्रमित राईनोट्रेकिटिस

राज्य के जशपुर और रायपुर जिले से एकत्र किए गए कुल 58 सीरम नमूने अप्रत्यक्ष एलिसा से जांचा गया और इनमे से 36 आईबीआर के लिए सकारात्मक थे, जिनमें कुल 62.07% की व्यपकता पाई गयी । जीबी जीन आधारित पीसीआर जांच, 5 जिलों से प्राप्त 240 रक्त के नमूनों के गोजातीय हर्पिस वायरस के लिए किआ गया, आईबीआर के लिए 61 नमूनों को सकारात्मक पाया गया। आईबीआर के लिए जिलावार व्यापकता चित्र बनाया

गया।

लिस्टिरिया मोनोसाइटोजनीज के आणविक महामारी विज्ञान के लिए अनुवाद केंद्र

2012–2017 की अवधि के लिए डीबीटी, नई दिल्ली द्वारा बहु–संस्थागत नेटवर्क प्रणाली के तहत आईसीएआर रिसर्च कॉम्प्लेक्स फॉर गोवा, ओल्ड गोवा के साथ लिस्टिरिया मोनोसाइटोनीज के आणविक महामारी विज्ञान के लिए ट्रांसलेशनल सेंटर फॉर एक्सलेंस एंड इनोवेशन के तहत एक परियोजना को मंजूरी दी गई थी। गोवा मुख्य केंद्र और भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर, एनईएच क्षेत्र के लिए आईसीएआर अनुसंधान परिसर, उमियान, शिलांग और नागपुर पशु चिकित्सा कॉलेज, नागपुर सहयोगी केन्द्र के रूप में सम्मिलित थे। लि. मोनोसाइटोजनीज की वजह से रोग, लिस्टरियोसिस सप्रोजूनोसिस होता है और एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरा है। यह रोगाणुप्रति में सर्वव्यापी है तथा जानवरों और मानव, भोजन और पर्यावरण के बीच संभवतः विद्यमान रहता है।

अद्भुत निवास और अतिसंवेदनशील समूहों से लिस्टिरिया का अलगाव

लिस्टिरिया के अलगाव के लिए बकरी के दूध (20), कृन्तक मल (31) और मछली कचरे (25) के नमूने एकत्र किए गए थे। लिस्टिरिया के लिए कोई भी नमूना सकारात्मक नहीं था।

निम्न पीएच तनाव के तहत लि. मोनोसाइटोजनीज की विभेदक जीन अभिव्यक्ति की रूपरेखा

तीन अलग–अलग लि. मोनोसाइटोजनीज के अलग–अलग स्रोतों (आईएलसीसी 187, आईएलसीसी 183 और आईएलसीसी 22) से सीरोग्रुप 4 बी उपभेदों के कम पीएच तनाव के तहत विभेदक जीन एक्सप्रेशन का अध्ययन किया गया। सामान्य तनाव प्रोटीन के लिए जिम्मेदार जीन को तीनों उपभेदों में अप–विनियमित पाया गया था। लि. मोनोसाइटोजनीज के सभी तीन उपभेदों में कुल 5 जीन को सामान्यतः अप–विनियमित पाया गया था।

आईएलसीसी 187 (स्रोत–भोजन) के qPCR विश्लेषण ने छह जीनों के महत्वपूर्ण अप–विनियमन दिखाया। Lmo1602 जीन (सामान्य तनाव प्रोटीन के समान) में 4.29 गुना परिवर्तन और Lmo0515 (सामान्य तनाव प्रतिक्रिया में शामिल हो सकता है) के साथ 3.68 गुना के साथ sigB (विषाक्तता और तनाव–प्रतिक्रिया जीन के नियमन) के बाद 4.96 के उच्चतम परिवर्तन दिखाया गया है। अन्य तीन जीन, Lmo1416 (उच्च नमक तनाव प्रतिक्रिया में शामिल हो सकता है), Lmo2748 (एसिड, ऑस्मोटिक तनाव प्रतिक्रिया में शामिल बैसिलस में YdaG तनाव प्रोटीन के समान) और Lmo0889 (कम तापमान, परासरण दबाव, अल्कोहल और एसिड का तनाव) > 2 गुना परिवर्तन दिखाया गया।

दो जीन अर्थात्, Lmo2461 और Lmo0211 को नीचे–विनियमित पाया गया, जो क्रमशः ठंडा तनाव प्रतिक्रिया और नमक तनाव प्रतिक्रिया के लिए जाना जाता था। सभी अन्य जीन अभिव्यक्ति में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं दिखाते थे। लि. मोनोसाइटोजनीज के पीएच तनाव कम होने में सामान्य भूमिका में सामान्य भूमिका निभाई जाती है।

दो जीन Lmo1416 और Lmo2748 पहले से संभवतः नमक तनाव प्रतिक्रिया में शामिल होने के लिए जाना जाता है। उनके > 2 गुना अभिव्यक्ति ने संकेत दिया कि जीन भी एसिड तनाव सहिष्णुता में शामिल हो सकते हैं। इसी तरह, आईएलसीसी 183 (स्रोत–पर्यावरण) में कम पीएच तनाव के तहत पांच जीन का एक अप–नियमन हुआ। सिग्बी जीन 6.73 गुना बदलाव से अत्यधिक अप–विनियमित पाया गया था और Lmo1602 ने 5.14 गुना का अप–विनियमन दिखाया था।

ILCC22 के मामले में, छह जीन को अप–विनियमित पाया गया था। अन्य उपभेदों के समान, एसआईजीबी (विषाक्तता और तनाव से संबंधित जीनों का नियमन) और Lmo1602 (सामान्य तनाव प्रतिक्रिया) क्रमशः 9.92 और 4.08 गुना के साथ अत्यधिक नियंत्रित किया गया।

अन्य दो जीनों, Lmo1601 और Lmo1416 ने > 3 गुना अप–विनियमन दिखाया और सामान्य तनाव प्रतिक्रिया में शामिल थे। अन्य दो जीन, Lmo0889 और Lmo1284 में 2 गुना के ऊपर–विनियमन दिखाया गया। यहां, Lmo2641 नीचे–विनियमित पाया गया था। Lmo1642, Lmo0515, Lmo2748 और Lmo0211 में कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं हुआ। जैसा कि पहले देखा गया है, नमक तनाव सहिष्णुता में शामिल

होने के लिए sigB और Lmo1602 की सूचना दी। इससे पता चला है कि लि. मोनोसाइटोजनीज के सामान्य आनुवंशिक कारक उच्च नमक के साथ–साथ कम पीएच तनाव पर प्रतिक्रिया कर सकते हैं।

संपूर्ण जीनोम प्रतिलेख विश्लेषण

लि. मोनोसाइटोजनीज के पूरे जीनोम प्रतिलेख विश्लेषण उच्च नमक (एचएस), कम तापमान (एलटी) और निम्न पीएच (एपी) के लिए सहिष्णु उपभेद किए गए थे। अंतर जीन अभिव्यक्ति विश्लेषण लि. मोनोसाइटोजनीज F2365 के बीच नियंत्रण (सीटी) और एलटी, एपी और एचएस के रूप में किया गया था।

सीटी बनाम एलटी में कुल सामान्यतः व्यक्त जीन 2816 थे, जिसमें पी–वैल्यू (पी–वैल्यू <0.05) के आधार पर निर्धारित उच्च–विनियमित 82 जीनों और काफी कम–विनियमित 1111 जीन शामिल थे। सीटी बनाम एपी में, कुल सामान्यतः व्यक्त जीन 2817 थे, जिसमें पी–वैल्यू (पी–वैल्यू <0.05) के आधार पर निर्धारित काफी अप–विनियमित 48 जीनों और काफी कम विनियमित 538 जीन शामिल थे।

सीटी बनाम एचएस में कुल सामान्यतः व्यक्त जीन 2793 था, जिसमें पी–वैल्यू (पी मूल्य <0.05) के आधार पर निर्धारित काफी अप–विनियमित 15 जीन और काफी कम–विनियमित 2009 जीन शामिल थे।

अप–विनियमित में, अलग–अलग पीटीएस सिस्टम के सबयूनिट, विशेष रूप से आईआईए और आईआईबी, जो अप–लेने वाले शर्करा के फास्फोरायलेशन में शामिल होते हैं, विशेष रूप से सक्रिय पीईपी सिस्टम का संकेत देते हैं। इन के अलावा, झिल्ली से जुड़ी जस्ता मेटलॉप्रोटीएज, ऑलिगोपेप्टाइड एबीसी ट्रांसपोर्टर परमीएज और ईप्लक्स पंप में शामिल प्रोटीन, जो साईटोप्लाज्मिक होमोस्टेसिस को बनाए रखने के लिए निर्यात एच. आयनों में शामिल हैं। कई नीचे–विनियमित जीनों में त्रिप्तोफान बायोसिंथेसिस, जस्ता आश्रित अल्कोहल डीहाइड्रोजनेज, फ्लैजेलिन, ट्रांसक्रिप्शनल रेग्युलेटर, ग्लायॉक्साइलेट प्रणाली में शामिल जीन और कुछ चीनी ट्रांसपोर्टरों में शामिल जतच ऑपरेन शामिल थे। एक दिलचस्प अवलोकन, 15/67 टीआरएनए व्यक्त नहीं किया था। इन टीआरएनए में से कुछ जीनोमिक विविधता के साथ जुड़े हुए हैं, जो लि. मोनोसाइटोजनीज के जीनोमिक हॉट स्पॉट को बनाते हैं।

उच्च नमक सांद्रता के मामले में, कुल 51% जीन्स अप–विनियमित होते हैं जिनमें से भिन्न रूप से व्यक्त किया गया एसिटाइल ट्रांसफरेज, फास्फोलाइपेस / कार्बोक्जेलेस्टेस, मोब बी ऑपेरॉन एन्कोडिंग मोलिब्डेनम कॉफैक्टर बायोसिंथिथेसिस, झिल्ली से जुड़े जस्ता मेटलॉप्रोटीएज अलगाव और संक्षेपण प्रोटीन ए, सेल डिवीजन प्रोटीन डिविवा और सामान्य तनाव प्रोटीन को अपग्रेड होने के लिए देखा गया था। इलेक्ट्रॉन परिवहन श्रृंखला में शामिल कोई भी प्रोटीन, उच्च नमक सांद्रता से प्रभावित नहीं हुआ ।

कम तापमान में 31 जीन दबे और 39 जीन प्रेरित हुए। कम पीएच और उच्च नमक सांद्रता के विपरीत, एंटीसेन्स आरएनए, साथ ही कुछ टीआरएनए, काफी ऊपर–विनियमित थे। आरएनए पोलीमरेज सिग्मा फैक्टर सिगबी, एक महत्वपूर्ण तनाव नियामक, निम्न–तापमान में नीचे–विनियमित हुआ। इसके अलावा, फ्लैंजेलार बायोसिंथेसिस में शामिल जीन का दमन, सेल वॉल टेईकोइक एसिड ग्लाइकोसिलेशन प्रोटीन जीटीसीए ओएसएमसी / ओहर परिवार प्रोटीन और एन–एसिटाईलम्युरामॉयल–एल–एलानिन एमीडेस की वृद्धि में शामिल होने के कारण कम तापमान पर कम वृद्धि दर की चर्चा हुई। कुल मिलाकर, इन तनावों पर, शर्करा, पीटीएस सिस्टम, और एबीसी ट्रांसपोर्टरों प्रभावित होते हैं, इसमें शामिल अधिकांश जीन मेटाबोलिक रूप से अलग–अलग रास्तों में शामिल ए प्रोटीन एन्कोडिंग थे।

नवीन लिस्टिरिया प्रजाति का लक्षण वर्णन

लिस्टिरिया प्रजाति की एक अद्भुत नया जीवाणु को प्रयोगात्मक रूप से लि . गोअंसिस के नाम से नामित किया गया है जो कि गोवा के मंडोवी नदी के दलदली मुहाने से पाया गया था । जो कि एक्सायशन नंबर एमसीसी 3285 तहत प्रवेश संख्या के तहत राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र के लिए माइक्रोबियल कल्चर कलेक्शन, पुणे में जमा किया गया है। और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत पशु चिकित्सा प्रकार संसति संग्रह (वीटीसीसी), आईसीएआर–एनआरसी इक्वेन्स, हिसार में VTCCBAA864 एक्सेशन नंबर के तहत जमा किया गया है ।

लिस्टिरिया मोनोसाइटोजनीज के खिलाफ एंटीबायोटिक दवाओं के न्यूनतम निरोधात्मक सांद्रता का निर्धारण

विभिन्न स्रोतों से पृथक लि. मोनोसाइटोजनीज (एन=90) के उपभेदों के न्यूनतम अवरोधक सांद्रता (एमआईसी) एपिसिलोमीटर परीक्षण (ई–परीक्षण) द्वारा 14 एंटीमाइक्रोबियल्स के खिलाफ निर्धारित किया गया था। जीवाणुरोधी का चयन मनुष्यों और पशुओं में होने वाले संक्रमण के उपचार लिए नियमित उपयोगिता के आधार पर किया गया था। सभी isolates एनोरोफ्लॉक्सासिन और सीप्रोफ्लॉक्सासिन को छोड़कर अधिकांश सभी एंटीमिक्रोबियल के लिए संवेदनशील पाए गए। एनरोफ्लॉक्सासिन (76.81%), सीप्रोफ्लॉक्सासिन (22.82%), सह–ट्रामेंक्सजोल (14.28%), पेनिसिलिन (13.33%), टेट्रसाइक्लिन (11.95%), क्लोरैम्फेनीकोल (9.78%), एम्पीसिलीन (4.34%) के खिलाफ प्रतिरोध फिनोटाइप देखा गया।

पेनिसिलिन (26%), स्ट्रेप्टोमाइसिन (12%) और क्लोरैम्फेनीकोल (14%) के खिलाफ इंटरमीडिएट फिनोटाइप्स को देखा गया। पिछले अध्ययनों में सीप्रोफ्लॉक्सासिन के खिलाफ उच्च एमआईसी मूल्य (10 एमसीजी / एमएल) कभी भी रिपोर्ट नहीं किए गए थे।

नैदानिक assays का विकास

मल्टीप्लेक्स पीसीआर, लीनिएज पीसीआर, रीयल टाइम पीसीआर, एलएएमपी आधारित पीसीआर और एविडिन बायोटिन एलिसा के अलावा सिंथेटिक पेप्टाइड आधारित लेटेक्स एग्लूटीनेशन विकसित किए गए हैं।

इसके अलावा, पार्श्व प्रवाह का विश्लेषण मानकीकरण की प्रक्रिया में हैं। नैदानिक assays आगे विभिन्न प्रयोगशालाओं में मान्य किया जाएगा और व्यावसायीकरण किया जायेगा ।

पशु रोग मामले से लेक्लेर्सिया एडिकारबॉक्जैलाटा का पहला अलगाव

हम जानवरों में लेक्लेर्सिया एडिकारबॉक्जैलाटा अलगाव के पहले मामले का वर्णन करते हैं। एक 3 साल का बैल जो श्वसन समस्या के साथ पेश किया गया था। जानवर में अत्यधिक नाक स्राव, फुफ्फुसीय फैलाव, कष्टदायक श्वास और आंशिक आहार की समस्या थी। गहरी नाक गुहा से नमूना एकत्र किया गया था। लेक्लेरसिया एडेकार्बॉक्जैलाटा को पोलीमाईक्रोबियल संक्रमण के रूप में अलग किया गया था। लेक्लेर्सिया एडिकारबॉक्जैलाटा एंटेरोबैक्टीरियासीए की विशेषताओं को साझा करता हैय यह जीवाणु ग्राम–नकारात्मक बेसीलाई, ऑक्सीडेज–नेगेटिव, मीसोफिलिक फकल्टेटिव एनारोब है। एल. एडिक्बॉक्जैलाटा को आगे मैट्रिक्स असिस्टेड लेजर डेस्ट्रॉप्शन ६ आयनाईकरण टाइम ऑफ फ्लाइट मास स्पेक्ट्रोमेट्री (माल्डी टूफ–एमएस) द्वारा पहचाना गया था। इस मामले में एल. एडिक्बॉक्जैलाटा को पोलीमिक्रोबियल संक्रमण के रूपमें देखा गया जो कि मनुष्यों में निमोनिया के दुर्लभ मामलों से अलग किया गया है। इस जीवाणु का महत्व पशुजनित रोगों की दृष्टि से बहुत ही ज्यादा है, इससे जनजीवन को भी खतरा हो सकता है ।

छत्तीसगढ़ में भेड़ और बकरियों में ब्लू टंग की पहली रिपोर्ट

छत्तीसगढ़ में भेड़ और बकरियों में ब्लू टंग नाम कि बीमारी का पहला मामला जुलाई और अगस्त 2016 में ग्राम भर्रीटोला, कुसुमकासा तथा ग्राम हथौड, जिला बालोद में देखा गया। दोनों गाँवों में बीमारी कि व्यापकता क्रमशः 66% और 80% थी।

भारत से मछलियों से राउल्टेला ओर्निथिनोलाइटिका के अलगाव की पहली रिपोर्ट

राउल्टेला ओर्निथिनोलाइटिका एक ग्राम नकारात्मक, गैर गतिशील, बेसिलस है जिसे पूर्व में क्लेबिसिला ओर्निथोलाइटिका नाम दिया गया था। यह जीवाणु छत्तीसगढ़ के बस्तर पठार क्षेत्र के जगदलपुर जिले (अक्षांश : 19 .083546 एन एवं रेखांश : 82.027617 ई) के मछली के नमूनों से अलग था। बायोकेमिकल विश्लेषण तथा मालाडी–टॉफ एमएस (मैट्रिक्स असिस्टेड लेजर डिसोप्शन / आयोनाइजेशन – टाइम फ्लाइट मास स्पेक्ट्रोमेट्री) का उपयोग करके इस जीवाणु के पहचान की पुष्टि की गई। यह परिवार एंटरोबैक्टीरिआसी के अंतर्गत आता है, और दुनिया के विभिन्न हिस्सों से कीड़ों, मछली और खारे पानी में पाया जाता है । यह भारत की मछलियों से इसकी अलगाव का पहला रिपोर्ट है। इस जीवाणु को मछली से हिस्टामाइन विषाक्तता का प्रेरक एजेंट माना जाता है, लेकिन

अक्सर क्लेबसीला न्यूमोनी के रूप में गलत पहचान होती है हिस्टामाइन विषाक्तता, हिस्टीडाइन डीकार्बोक्जैलेज की अभिव्यक्ति से उत्पन्न होती है, जिससे बैक्टीरियम को हिस्टीडाइन कन्वर्ट करने में मदद मिलती है, और इस विषाक्तता में उक्त लक्षणों का देखे जा सकते हैं जिनमें खुजली, पसीना आना, सिरदर्द और पेट में ऐंठन शामिल है। पिछले दशक में, राउल्टेला ओर्निथिनोलाइटिका एक उभरता हुआ नया, लेकिन मानव संक्रमणों के महत्वपूर्ण रोगाणु के रूप में सामने आया है। हमारे ज्ञान के अनुसार, राउल्टेला ओर्निथिनोलाइटिका संक्रमण के दस मामलों की सूचना दी गई है, जो इस रोगजनका से होने वाले बैक्टरेमिया और सेप्सिस और नरम ऊतक और अन्य संक्रमण से जुडी है। राउल्टेला ओर्निथिनोलाइटिका β–लैक्टामेज उत्पन्न करती है, जो आम तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले एंटीबायोटिक दवाओं के लिए प्रतिरोध प्रदान करती है।

छत्तीसगढ़ राज्य में फसलों के जैविक स्ट्रैस की स्थिति एवं नवीन रिपोर्ट (2016–17)

छत्तीसगढ़ राज्य में विभिन्न कृषि एवं उद्यानिकी फसलों में खरीफ एवं रबी 2016–17 के दौरान विभिन्न नाशीकीटों एवं बीमारियों की स्थिति को निम्न प्रकार से सारणीबद्ध रूप से प्रस्तुत किया गया है।

फसल	जैविक स्ट्रैस	तीव्रता
खरीफ 2016		
धान	पत्ती लपेटक	कम
	तना छेदक	कम
	धान हिस्पा	कम
	भूरा माहू	मध्यम
	पत्ती झुलसा	कम से उच्च
	भूरा धब्बा	5 से 50 प्रतिशत
	नेक ब्लास्ट	मध्यम
	शीथ गलन	मध्यम
	तना गलन	कम
	शीथ ब्लास्ट	20 प्रतिशत
	फाल्स स्मट	4.5 से 42.2 प्रतिशत
	करनाल स्मट	कम
अरहर	थ्रिप्स	कम से उच्च
	धब्बेदार छेदक	मध्यम
	माहू	कम
	पत्ती लपेटक	कम
	लीफ हॉपर	कम
	फाइटोफ्थोरा ब्लास्ट	5 से 30 प्रतिशत
	उकठा	कम से उच्च
	कॉलर गलन	5 प्रतिशत
रबी 2016–17		
धान	पीला तना छेदक	मध्यम
	भूरा माहू	मध्यम
गेहूँ	गुलाबी तना छेदक	मध्यम
	फुट गलन	कम
मूंग	तम्बाकू की इल्ली	कम
	महू	मध्यम
	पत्ती मरोड़	42.9 प्रतिशत
	सरकोस्पोरा पत्ती धब्बा	कम
	पत्ती धब्बा	कम
	पीला मोजेक	2.86 प्रतिशत
	शिरा नेक्रोसिस	16.3 प्रतिशत
	पाउडरी फफूंद	कम
	एन्थ्रेक्नोज	कम

चना	फली छेदक	मध्यम
	उकठा	कम
	कॉलर गलन	कम
लाखड़ी	थ्रिप्स	उच्च
सूरजमुखी	कटवा	कम
	तना गलन/कॉलर गलन	20 प्रतिशत
भिण्डी	तना एवं फल छेदक	उच्च
	सफेद मक्खी	उच्च
	तेला	उच्च
	पीला मोजेक	उच्च
	पर्ण कुंचन	मध्यम
करेला	पर्ण मरोड़	उच्च
	कद्दू का लाल कीड़ा	उच्च
	फल मक्खी	उच्च
तुरही	पर्ण सिकुड़न	उच्च
बैंगन	तना एवं फल छेदक	उच्च
टमाटर	फल छेदक	कम
	उकठा	कम
	पर्ण सिकुड़न	कम से मध्यम
	ब्लाइट बीमारी	मध्यम
लौकी	कद्दू का लाल कीड़ा	उच्च
	फल मक्खी	उच्च
	मोजेक	कम
पपीता	रिंग स्पॉट विषाणु	मध्यम

जैविक स्ट्रैस की नवीन रिपोर्ट

जड़ ग्रंथि सूत्रकृमि, मेलाइडोगाइन ग्रेमिनीकोला गोल्डन व बिस्चफील्डः (डॉ. मल्लिकार्जुना जे.)

छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर, बिलासपुर एवं दुर्ग जिलों में धान की फसल में जड़ ग्रंथी सूत्रकृमि की मेलाइडोगाइन ग्रेमिनीकोला (टाइलेनचिडा–मेलाइडोगाइनिडी) जाति की पहचान की गई जो कि छत्तीसगढ़ राज्य में पहली बार रिपोर्ट हुआ है।

मटर का पीला मौजेक बीमारीः (डॉ. पी.एन. शिवलिंगम)

पीला मौजेक बीमारी अरहर की किस्म ए.एल.–15 पर संस्थान के फार्म पर 8–10 प्रतिशत की तीव्रता पर दर्ज की गई। पत्तियों पर लक्षण चमकीले पीले मौजेक के समान थे। पादप विषाणु इकाई, कवक विज्ञान एवं पादप रोग विभाग, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के अनुसार यह बीमारी जेमिनीबिरीडी कुल के वंश बेगोमोवायरस द्वारा होना बताया गया।

नवीन विषाणु के सदृश बीमारीः (डॉ. पी.एन.शिवलिंगम, डॉ. विनय कुमार एवं डॉ. के.सी.शर्मा)

संस्थान के फार्म पर नई विषाणु सदृश बीमारी जंगली बेर एवं करौंदा के पौधों पर पायी गयी।

धान में मिलीबग एवं माहू का प्रकोप (डॉ. के.सी.शर्मा, आर.के.मुरली बास्करन एवं मल्लिकार्जुना जे.)

खरीफ 2016 में धान की महामाया किस्म में मिलीबग एवं माहू का प्रकोप देखा गया।

संस्थान गतिविधियाँ

संस्थान अनुसंधान समिति की मध्यावधि निरंतरता बैठक:

संस्थान अनुसंधान समिति की मध्यावधि निरंतरता की बैठक 7 मई 2016 एवं 20 सितम्बर 2016 को संस्थान के निदेशक (कार्यवाहक) डॉ. जगदीश कुमार की अध्यक्षता में हुई। संस्थान अनुसंधान समिति पूर्व मध्यावधि द्वारा अनुशंसित वैज्ञानिकों द्वारा किये गये अनुसंधान का मूल्यांकन किया गया। उन्होंने चारों स्कूलों की अवधारणा, शासनादेश एवं गतिविधियों का विस्तार से विवरण बताया।

डॉ. पंकज कौशल, संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) ने आरंभिक प्रतिक्रिया में बताया कि वैज्ञानिकों को संस्थान को दी गई शासनादेश के अधीन रहते हुये समूह में कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा की संस्थान को तीव्र स्थानांतरण अनुसंधान एवं अनोखे अनुसंधान कार्य करना चाहिए ताकि संस्थान की राष्ट्रीय एवं अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बन सके। वैज्ञानिकों द्वारा अपनी–अपनी परियोजना की प्रगति प्रस्तुत की गई। परियोजनानुसार सुधार हेतु सुझाव दिये गये। तीन नवीन परियोजना प्रस्तुत एवं अनुमोदित की गई।

संस्थान अनुसंधान समिति की द्वितीय बैठक (दिसम्बर 1–3, 2016)

संस्थान की द्वितीय अनुसंधान समिति बैठक दिसम्बर 1–3, 2016 के दौरान आयोजित की गई। बैठक के दौरान संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा कुल नौ संस्थागत एवं तीन बाहरी वित्त पोषित परियोजना (2015–16) की प्रगति प्रस्तुत की गई। सात नवीन अवधारणा नोट एवं समन्वित कृषि प्रणाली की गतिविधियॉ सुझावों हेतु प्रस्तुत की गई।

अनुसंधान सलाहकार समिति की द्वितीय बैठक (जुलाई 11–12, 2016)

अनुसंधान सलाहकार समिति की बैठक जुलाई 11–12, 2016 को डॉ. अनुपम वर्मा, पूर्व राष्ट्रीय प्राध्यापक, भा.कृ.अनु.प.–भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली एवं अनुसंधान सलाहकार समिति सदस्य डॉ. जे.एस.संधू, उपमहानिदेशक (फसल विज्ञान) भा.कृ.अनु.प., नई दिल्ली, डॉ. आर.जे. रबिन्द्र, पूर्व निदेशक, भा.कृ.अनु.प.–एन.बी.ए.आई.आई., बैगलुरू, डॉ सी. ए. विरक्तमथ, पूर्व प्राध्यापक कीट विज्ञान, यूएएस, बैगलुरू, डॉ. पी.के. चक्रबर्ती, सहायक महानिदेशक (पादप संरक्षण एवं जैव सुरक्षा) भा.कृ.अनु.प., नई दिल्ली, डॉ. जगदीश कुमार, निदेशक (कार्यवाहक), राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान, रायपुर, जगदीश राणे, निदेशक (कार्यवाहक) भा.कृ.अनु.प.–एनआईएएसएम, बारामती (विशेष आमंत्रित सदस्य), डॉ. पंकज कौशल, संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान, रायपुर एवं डॉ. अनिल दीक्षित, प्रधान वैज्ञानिक इंचार्ज पीएमई एवं सदस्य सचिव, राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान, रायपुर की उपस्थिति में आयोजित की गई। समिति ने प्रायोगिक फार्म, संस्थान ढॉचा एवं प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया तथा संस्थान के शासनादेशानुसार अनुशंसा स्वरूप सुझाव दिये गये।

संस्थान प्रबंधन समिति की चौथी बैठक (मार्च 15, 2017)

संस्थान प्रबंधन समिति की चौथी बैठक डॉ. जगदीश कुमार, निदेशक (कार्यवाहक) की अध्यक्षता में 15 मार्च 2017 को रायपुर में आयोजित की गई। बैठक में डॉ. पंकज कौशल, संयुक्त निदेशक (अनुसंधान), विशेष आमंत्रित सदस्य, डॉ. जगदीश राणे, अध्यक्ष, राष्ट्रीय अजैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान, बारामती, डॉ. ए.के. सरावगी, अध्यक्ष अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर, डॉ. डी. के. घोष, प्रधान वैज्ञानिक, केन्द्रीय नीबू अनुसंधान संस्थान, नागपूर, डॉ. के.एन. मोहन्ता, प्रधान वैज्ञानिक, केन्द्रीय मीठा जलीय जीव पालन अनुसंधान संस्थान, भुवनेश्वर, डॉ. ए.के. मुखर्जी, वरिष्ठ वैज्ञानिक, राष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान, कटक, डॉ. आर.एस.रात्रे, निदेशक, कृषि निदेशालय, छत्तीसगढ़ सरकार सदस्यों एवं श्री ए.ए. गोस्वामी, प्रशासनिक अधिकारी एवं सदस्य सचिव एवं डॉ. अनिल दीक्षित, प्रधान वैज्ञानिक, डॉ. एस. बी.बारबुद्धे, प्रधान वैज्ञानिक, डॉ. ए.के.जैन, प्रधान वैज्ञानिक, डॉ. के.सी.शर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक, डॉ. पी.एन.शिवलिंगम, वरिष्ठ वैज्ञानिक, डॉ. विनय कुमार, वैज्ञानिक एवं विशिष्ट आमंत्रित सदस्यों ने भाग लिया।

अध्यक्ष ने संक्षिप्त रूप से संस्थान के प्रारंभ शासनादेश एवं उद्देश्य के बारे में बताया तथा जैविक स्ट्रैस पर अग्रिम अनुसंधान शिक्षण कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. पंकज कौशल ने संस्थान में चल रहे अनुसंधान कार्यक्रमों की प्रगति प्रस्तुत की तथा संस्थागत ढॉचा एवं अन्य संस्थानों के साथ नेटवर्क स्थापित करने पर जोर दिया। डॉ. मुखर्जी ने जैविक स्ट्रैस प्रबंधन हेतु आरएनएआई, वीआईजीएस, किसपर/कैस 9 जैसे अग्रिम टूल्स पर कार्य करने की सलाह दी। डॉ. घोष ने नये संस्थागत ढॉचा जैसे सामुदायिक हॉल, सोलर एनर्जी, बेकार जल पुनर्चक्रण इकाई, इंटरनेट स्पीड आदि हेतु सुझाव दिये। डॉ. राणे ने संस्थान की प्रगति से संतुष्टी जाहिर की एवं अग्रिम उपकरणों पर कार्य करने का सुझाव दिया ताकि संस्थान देश में अनोखा हो एवं अग्रिम अनुसंधान कार्य किये जा सके। डॉ. मोहन्ता ने एक स्वास्थ्य कार्यक्रम पर कार्य करने की सलाह दी। डॉ. अनिल दीक्षित द्वारा संस्थान की अनुसंधान उपलब्धियॉ, डॉ. एस.के.जैन द्वारा मास्टर प्लान एवं निर्माण कार्य एवं डॉ. के.सी.शर्मा द्वारा वित्तीय मामलों की प्रगति प्रस्तुत की गई।

अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून, 2016)

राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान बरौंडा में 21 जून 2016 को अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक (कार्यवाहक) एवं डॉ. पंकज कौशल, संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) ने व्याख्यान में योग एवं अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर श्री जे.एल. गहरे, योगा विशेषज्ञ, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर ने योग एवं हिन्दू दर्शन पर आमंत्रित व्याख्यान दिया। मेरा गॉव मेरा गौरव कार्यक्रम में चयनित गॉवों में योग की सीडी वितरित की गई एवं समस्त कर्मचारियों द्वारा योगाभ्यास किया गया।

गाजरघास जागरूकता सप्ताह (अगस्त 16–22, 2016)

संस्थान में 16–22 अगस्त, 2016 को गाजरघास जागरूकता सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. जगदीश कुमार, निदेशक (कार्यवाहक) ने की एवं गाजरघास से होने वाले दुष्परिणामों एवं इसके प्रबंधन पर व्याख्यान दिया गया। डॉ. पंकज कौशल, संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) ने समस्त कर्मचारियों से संस्थान को गाजरघास मुक्त बनाने की गुहार की। स्कूल के छात्रों, गॉव वालों को गाजरघास का हमारे देश में प्रवेश, इसके द्वारा होने वाले स्वास्थ्य पर प्रभाव, फसलों एवं दुग्ध देने वाले पशुओं पर प्रभाव, जैव विविधता पर खतरा आदि के बारे में शिक्षित किया गया। डॉ. अनिल दीक्षित, प्रधान वैज्ञानिक के द्वारा गाजरघास का केशिया सेरीशिया एवं जाइगोग्रामा कीट द्वारा जैविक नियंत्रण पर जोर दिया गया।

स्वच्छ भारत अभियान

राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान में दो स्वच्छता पखवाड़ा क्रमशः 16–31 मई, 2016 एवं 16–31 अक्टूबर, 2016 में मनाये गये। स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ सभी कर्मचारियों द्वारा शपथ ग्रहण करने के बाद शुरू हुआ। मेरा गॉव मेरा गौरव कार्यक्रम में चयनित गॉवों के स्कूलों में संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा स्वच्छता पर व्याख्यान दिया गया। स्कूल के विद्यार्थियों से गुहार की गई की स्वच्छता के महत्व का अपने–अपने गॉवों में प्रचार–प्रसार कर स्वच्छ भारत बनाने में सहयोग प्रदान करें। संस्थान की महिला प्रकोष्ठ द्वारा अड़सेना एवं बरौंडा गॉव में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर डॉ. ए.के. गिरोलकर, प्रधानाचार्य, शासकीय डी.वी.गर्ल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा "छत्तीसगढ़ में विदेशी जातियॉ एवं पर्यावरण" नामक विषय पर व्याख्यान दिया गया। गांधी जयंती 2 अक्टूअर पर संस्थान में सफाई कार्य कर स्वच्छता दिवस मनाया गया।

5 वॉ संस्थान स्थापना दिवस (7 अक्टूबर, 2016)

7 अक्टूबर, 2016 को राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान का 5 वॉ स्थापना दिवस मनाया गया। डॉ. जगदीश कुमार, निदेशक (कार्यवाहक) ने मुख्य अतिथि डॉ. रवीन्द्र बाबू, निदेशक, भारतीय चांवल अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. डी.वी. आहूजा, निदेशक, राष्ट्रीय समेकित नाशीजीव प्रबंधन अनुसंधान केन्द्र, नई दिल्ली, वैज्ञानिकों, किसानों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं संस्थान के मास्टर प्लान के बारे में विस्तार से बताया। उच्चाधिकारियों द्वारा समेकित कृषि प्रणाली की नींव रखी गई। डॉ. विनोद चौधरी, वैज्ञानिक द्वारा इस नमूने की भविष्य की संभावनाओं का ब्यौरा

प्रस्तुत किया गया। डॉ. रवीन्द्र बाबू ने अपने मुख्य भाषण में किसानों को बताया कि किसान आर्थिक देहली स्तर आधारित नाशीकीट प्रबंधन अपनायें। ताकि पर्यावरण व प्राकृतिक संसाधनों को बचाया जा सके। डॉ. आहूजा ने किसानों से पारिस्थिति प्रेमी तकनीकी जैसे पादप रसायन, जैव नाशक, प्रकाश प्रपंच एवं सेक्स फीरोमोन आदि जैविक स्ट्रैस प्रबंधन हेतु प्रयोग में लाने की वकालत की गई।

डॉ. पंकज कौशल, संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) द्वारा संस्थान की 'ईयर एट ए ग्लांस' 2015–16 प्रस्तुत की गई तथा संस्थान के विकास क्रम में विभिन्न गतिविधियॉं एवं उपलब्धियॉं का संक्षिप्त ब्यौरा दिया गया। इस अवसर पर उच्चाधिकारियों द्वारा संस्थान का जनवरी–जून, 2016 का न्यूजलेटर एवं छः प्रसार पत्रिका विमोचित की गई। डॉ. व्ही.के.चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक का समापन किसान वैज्ञानिक संवाद के साथ सम्पन्न हुई जिसमें डॉ. एस.के.जैन, डॉ. के.सी.शर्मा एवं डॉ. व्ही.के.चौधरी ने किसानों के प्रश्नों का उत्तर दिया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न गॉंवों के 350 किसानों ने भाग लिया।

संस्थान में मासिक सेमिनारः

वैज्ञानिकों द्वारा संस्थान के शासनादेश को ध्यान में रखते हुए आधुनिक अनुसंधान विषयों पर ज्ञान के विनिमय एवं नवीनीकरण हेतु जैविक स्ट्रैस प्रबंधन विज्ञान पर सेमिनार दिये गये।

कमांक	वैज्ञानिक का नाम	सेमिनार का विषय	दिनांक
1	डॉ. जगदीश कुमार	गेहूँ के रोग करनाट बंट के विशेष संदर्भ में नाशीकीट जोखिम विश्लेषण	28 अक्टूबर, 2016
2	डॉ. एस.बी.बारबुद्धे	जैविक स्ट्रैस एवं एक स्वास्थ्य	26 नवम्बर, 2016
3	डॉ. आर.के.मुरली.बास्करन	कृषि में सिलिका की शाकभक्षियों विरोधी गतिविधि	31 दिसम्बर, 2016
4	डॉ. पी.एन.शिवलिंगम	पौधों एवं प्रतिकूल सहनशीलता में जैविक एवं अजैविक स्ट्रैस की पारस्परिक किया की प्रतिकिया	25 फरवरी, 2017

राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान के नवीन प्रस्तावः

1. तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयम्बटूर व भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के सहयोग से बहु–संस्थानीय प्रणाली पर अरहर में फली छेदक जटिलता प्रतिरोधिता हेतु अनोखी योजना पर विचार विमर्श किया गया।
2. राष्ट्रीय स्तर पर जैविक एवं आने वाले जैविक स्ट्रैस हेतु 38 भा.कृ.अनु.प. संस्थानों एवं एक राज्य कृषि विभाग से सूचना प्राप्त कर संग्रह किया एवं डाटाबेस तैयार किया गया।
3. करीब 100 आर्थोपोडा जंतुओं की जैव विभिन्नता एकत्रित, पहचान, लेबल एवं परिरक्षण किया गया। जनन द्रव्य के आदान–प्रदान हेतु मानक सामग्री हस्तांतरण अनुबंध राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान एवं अन्तर्राष्ट्रीय चॉवल अनुसंधान संस्थान, फिलीपींस ने हस्ताक्षर किया।

प्रसार एवं संस्था सेवा गतिविधियॉं

मेरा गॉंव मेरा गौरवः

कार्यक्रम के अन्तर्गत चयनित 15 गॉंवों का संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा 31 बार भ्रमण किया गया व कृषि से संबंधित विभिन्न विषयों पर मोबाइल से एवं साहित्य उपलब्ध कराया गया जिससे करीब 889 किसान लाभांवित हुये। किसानों के साथ 15 बैठक आयोजित की गई, जिसमें 592 किसानों ने भाग लिया एवं लाभांवित हुये। तीन प्रदर्शनी आयोजित किये गये जिसमें 18 किसानों ने भाग लिया। मोबाइल के माध्यम से 85 किसानों को विषाणु बीमारी, खरपतवार, बीमारियों, नाशीकीट एवं मछली प्रबंधन पर सलाह प्रदान की गई। कृंतक प्रबंधन, खरपतवार, पशु स्वास्थ्य, झुलसारोग, नाशीकीट एवं खरपतवार नाशक प्रयोग विधि पर 2261 किसानों को साहित्य उपलब्ध कराया गया। क्षेत्र में चना (10 हैक्टेयर) एवं गेहूँ (10 हैक्टेयर) की नई किस्म उगाई गई। चयनित गॉंवों एवं उनके स्कूल के बच्चों में गाजरघास उन्मूलन, पशुओं में टीकाकरण एवं स्वच्छता हेतु जागरूक किया गया।

यौन सम्मोहन (फीरोमोन प्रपंच) पर दो दिवसीय प्रायोगिक प्रशिक्षणः

राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान, रायपुर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, कांकेर के संयुक्त तत्वाधान में "कीट प्रबंधन में

फीरोमोन" नामक विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण (19 व 20 अक्टूबर, 2016) कांकेर में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में कांकेर एवं चारामा खण्ड के गॉवों (रानी डोंगरी, धनेली, कन्हार, बाबु दबेना एवं एरोड) के 40 किसानों ने सक्रिय भाग लिया। डॉ. पंकज कौशल, संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) ने कीट प्रबंधन में कम से कम रसायनों का प्रयोग कर कृषि को लाभदायक व्यवसाय बनाने पर प्रकाश डाला। डॉ. बीरबल साहू, कार्यक्रम समन्वयक, कृषि विज्ञान केन्द्र, कांकेर ने किसानों की विभिन्न समस्याओं एवं समन्वित कृषि प्रणाली के अवयवों पर भाषण दिया। डॉ. आर.के. मुरली. बास्करन, प्रधान वैज्ञानिक एवं डॉ. के. सी.शर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने धान के पीला तना छेदक के प्रबंधन के लिए फीरोमोन प्रपंच के लगाने एवं उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। डॉ. पी.एन. शिवलिंगम, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने फसलों एवं सब्जियों में कीटजनित विषाणु रोगों के प्रसार एवं प्रबंधन पर प्रकाश डाला। 20 अक्टूबर,2016 को डॉ. व्ही.के. चौधरी ने फसलों एवं सब्जियों में खरपतवार प्रबंधन के परम्परागत एवं वैज्ञानिक तरीकों पर भाषण दिया। डॉ. मल्लिकार्जुना जे. ने चने में फली छेदक के प्रबंधन पर जीवित प्रदर्शन किया एवं प्रशिक्षण के अंत में किसानों को प्रपंच एवं ल्यूर वितरित किया गया।

कृषि प्रसार सेवा पर डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रशिक्षणः

समेती कार्यक्रम में रायपुर जिले के पेस्टीसाइड डीलर्स को धान एवं दाल पारिस्थितिकी में जैविक स्ट्रैस प्रबंधन पर डॉ. के.सी.शर्मा, डॉ. पी.एन.शिवलिंगम एवं डॉ. व्ही.के.चौधरी ने 03 जुलाई, 2016 को व्याख्यान दिया। डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रशिक्षण में 40 डीलर्स को नाशीकीट, खरपतवार, कृंतक प्रबंधन पर डॉ. आर.के.मुरली.बास्करन एवं डॉ. व्ही.के.चौधरी ने एवं पशुजन्य बीमारियों पर डॉ. लता जैन ने 12 जनवरी 2017 को व्याख्यान दिया।

आदिवासी किसान विकास हेतु किसान फर्स्ट कार्यक्रम के तहत् दो दिवसीय कार्यशालाः

किसान फर्स्ट कार्यक्रम के तहत् 18–19 जनवरी, 2017 को राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान, रायपुर में डॉ. एस.प्रभु कुमार, पूर्व निदेशक, अटारी (जोन VIII) की अध्यक्षता में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में बताया कि किसान फर्स्ट कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवारों हेतु आय का जरिया सृजित करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से समय–समय पर वैज्ञानिक–किसान संवाद के माध्यम से तकनीकी हस्तांतरण करना है। उन्होंने कहा कि किसान अलिखित, सहयोगी एवं सह वैज्ञानिक के तौर पर परियोजना की सफलता में भागीदार होना चाहिये। अध्यक्ष ने कहा कि यह एक ऐसा अवसर संस्थान के पास है जिससे आदिवासी किसानों का उत्थान कर संस्थान राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकता है। कार्यशाला में दोपहर में परियोजना कार्यक्षेत्र के पॉच गॉवों के सरपंच ने भाग लिया। कार्यशाला के दूसरे दिन 19 जनवरी 2017 को गॉव खरहा, तहसील–कसडोल, जिला–बलौदाबाजार में किसान–वैज्ञानिक संवाद आयोजित किया गया जिसमें करीब 120 आदिवासी किसानों ने भाग लिया। आदिवासी महिला किसानों ने तकनीकी का धान–दलहन फसल प्रणाली में अंगीकार करने पर अपनी सहमति प्रदान की। इसके अलावा आदिवासी महिलाओं ने उद्यम आधारित तकनीकी जैसे– बकरी पालन, मुर्गी पालन, मशरूम उत्पादन एवं मधुमक्खी पालन करने की इच्छा जाहिर की।

राष्ट्रीय कृषि मेला, छत्तीसगढ़ (27–31 जनवरी, 2017):

राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान, बरौंडा, रायपुर ने कृषि समृद्धि राष्ट्रीय किसान मेला (27–31 जनवरी, 2017) रायपुर, छत्तीसगढ़ में भाग लिया एवं संस्थान की तरफ से स्टॉल भी लगाई गई जिसमें किसानों हेतु विभिन्न तकनीकियों का प्रदर्शन किया गया। स्टॉल पर यौन सम्मोहन, प्रकाश प्रपंच, अण्ड परिजीव्याम (ट्राइकोग्रामा), ट्राइकोडर्मा विरीडी एवं क्षेत्र के आर्थीपोड जैव विविधता जैसे परजीवी एवं परभक्षी कीट एवं धान एवं दलहन के नाशीकीट प्रदर्शित किये गये। स्टॉल देखने आये किसानों, स्वयं सहायता समूहों, ग्रामीण युवा, स्कूल एवं कालेज विद्यार्थियों एवं महत्वपूर्ण व्यक्तियों को तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया गया। खरपतवार प्रबंधन, कृंतक प्रबंधन, समन्वित मछली पालन, मवेशी बीमारियों एवं सेक्स फीरोमोन पर संस्थान की ओर से प्रसार फोल्डर वितरित किये गये। स्टॉल पर करीब 6000 हितग्राही ने भ्रमण किया एवं 891 किसानों एवं महत्वपूर्ण व्यक्तियों नाम सहित मोबाइल नंबर पत्रिका में पंजीकृत किये गये। मेले के दौरान संस्थान के वैज्ञानिकों ने सामूहिक कृंतक प्रबंधन, पशुजन्य बीमारियॉ, समन्वित खरपतवार

प्रबंधन एवं नाशीकीट प्रबंधन पर जोर दिया।

राजभाषा

विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी संस्थान में दिनांक 14–28 सितम्बर, 2016 के दौरान हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया। पखवाड़ा का शुभारंभ 14 सितम्बर 2016 को संस्थान निदेशक डॉ. जगदीश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया। निदेशक ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने एवं शासकीय कार्य हिन्दी में करने पर जोर दिया। डॉ. पंकज कौशल, संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) ने सभी वैज्ञानिकों से कृषि तकनीकी और अपनी शोध उपलब्धियों को आम जनता/किसानों तक हिन्दी में पहुँचाने का अनुरोध किया। हिन्दी पखवाड़ा के दौरान डॉ. वी. एन.दुबे द्वारा व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर डॉ. वी.एन.दुबे ने राजभाषा हिन्दी पर प्रकाश डाला तथा इस संस्थान से स्थानीय व देश के लोगों की अपेक्षाओं की व्याख्या करते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कार्यालय के दैनिक काम काज में राजभाषा के प्रयोग पर बल देने का आग्रह किया। अपने सम्बोधन में इस कार्यक्रम में आमंत्रण पर खुशी व्यक्त करते हुये निदेशक व सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट किया। हिन्दी पखवाड़ा के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे निबन्ध, सुलेख व श्रुतिलेख आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। हिन्दी पखवाड़ा का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 28 सितम्बर, 2016 को निदेशक महोदय और मुख्य अतिथि श्री दीपक मिश्रा, उप प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सारागांव की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि, निदेशक, संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) द्वारा प्रतियोगिताओं में विजेता कर्मचारियों को नकद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर निदेशक महोदय ने पन्द्रह दिन चले विभिन्न कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। हिन्दी पखवाड़ा के सफल आयोजन के लिए राजभाषा समिति के सभी सदस्यों की सराहना करते हुये राजभाषा के और अधिक प्रयोग के लिए सतत् प्रयास पर बल देने को कहा। श्री दीपक मिश्रा ने कार्यक्रम में शामिल होकर खुशी प्रकट करते हुये सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से हिन्दी में अधिकाधिक कार्य करने पर जोर दिया। अन्त में धन्यवाद प्रस्ताव के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

स्वतंत्रता एवं गणतंत्र दिवसः

राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान में क्रमशः 15 अगस्त, 2016 को स्वतंत्रता दिवस एवं 26 जनवरी, 2017 को गणतंत्र दिवस मनाया गया।

ढाँचागत विकास

भा.कृ.अनु.प.– राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान, रायपुर का मास्टर प्लान भावी विश्वविद्यालय के दर्जा के साथ अनुमोदितः

भा.कृ.अनु.प.– राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान, रायपुर (छत्तीसगढ़) का केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा विकसित मास्टर प्लान भा.कृ.अनु.प. के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जुलाई, 2016 में अनुमोदित हुआ। अनुमोदित मास्टर प्लान में 70 प्रतिशत क्षेत्र अनुसंधान फार्म एवं शेष 30 प्रतिशत विभिन्न ढॉचागत विकास के लिए रखा गया है। मास्टर प्लान में विभिन्न संघटक जैसे– प्रशासनिक भवन, चार स्कूल भवन, विभिन्न प्रयोगशालायें, लाइब्रेरी, सभा मण्डप, कांफ्रेंस रूम, कम्प्यूटर सुविधायें, निदेशक कक्ष, रजिस्ट्रार कार्यालय, वित्त नियंत्रक कार्यालय, जलपान गृह, महिला छात्रावास, पुरूष छात्रावास, विदेशी छात्र–छात्रावास, विवाहित छात्र–छात्रावास, किसान केन्द्र, शापिंग काम्पलेक्स, निवास, स्पोर्ट्स काम्पलेक्स एवं अन्य विकास कार्यों को अंतिम रूप दिया गया।

मास्टर प्लान के अनुमोदन पश्चात् भा.कृ.अनु.प. के सक्षम प्राधिकारी द्वारा व्यय हेतु रूपये 52.87 करोड़ रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति मार्च, 2017 में प्रदान की गई जिससे प्रशासनिक भवन एवं दो स्कूल भवन, छात्र एवं छात्राओं हेतु छात्रावास एवं संस्थान के कार्यस्थल का निर्माण की अनुमति भी प्रदान की गई।

वर्ष 2016–17 के दौरान ढॉचागत विकास

1. वर्ष 2016–17 के दौरान प्रयोगशालाओं के विस्तार, वैज्ञानिकों के बैठने के लिए, बीज भण्डार भवन, मवेशी छाया भवन, टाइप–II (4 नंबर) एवं टाइप–I (2 नंबर) क्वार्टर आदि पहले से मौजूद भवनों का नवीनीकरण किया गया। इसके अलावा पुरूष एवं महिला टायलेट बनवाये गये। इस कार्य की कुल लागत रूपये 25 लाख थी।
2. मछलियों पर अनुसंधान गतिविधियों हेतु 6 सीमेंट की टंकियों की व्यवस्था की गई।
3. संस्थान में बाधारहित विद्युत आपूर्ति हेतु 120 के.व्ही.ए. का जनरेटर खरीदा गया एवं स्थापित किया गया।
4. संस्थान में 800 से अधिक पौधे एवं सजावटी पौधे लगाये गये जिनकी मूल्य रूपये 2.62 लाख है। पौधों में अशोक, सफेदा बोगनविलिया, शीशम, नीम, गुड़हल, बादाम एवं कनेर आदि लगाये गये।

Preface

The year under report witnessed significant outputs of great relevance to the infrastructure development of the institute. As has been narrated earlier also, the institute will house an interdisciplinary infra-structure that is required for frontier research in crop health issues of the country and for imparting education in cutting edges of interdisciplinary research and its translation into promising farm technologies which will promote prosperity of Indian farmers. To fulfil this requirement, the masterplan of the institute has been successfully envisaged and approved with the combined efforts of a dedicated team of NIBSM scientists, CPWD (central zone) and concerned ICAR authorities. The entire NIBSM team profusely thank Dr. Trilochan Mohapatra, Secretary DARE and DG, ICAR for his keen interest, personal involvement and constant encouragements in the overall growth of the institute. Approved masterplan is featured with an adequate infrastructure to pursue research and higher education as per the mandate of the four schools proposed at the time of envisioning the mandate of the institute. Student hostels meeting best standards of study ambience for boys and girls as well as guest researchers/faculty from national and international sources have been targeted to be created before the end of 2018. It has been ensured that the 70 per cent of the total area of land allotted to NIBSM has been earmarked for developing a model research farm. The remaining 30 per cent of the area will cater the requirement of office buildings, hostels, guest house, residents, sports complex and shopping/community centre. Approval from the district town and planning department with the help of CPWD is another feather in the cap while efforts for infrastructure development were pursued. My joy knows no bound to declare through the present issue of annual report that NIBSM could succeed in getting allocation of Rs. 54.7 crores under 12th plan which enabled CPWD to float tenders for construction of Administration block including schools, laboratories, library, Auditorium, conference Room, Computer facilities, Directors office, Registrar Office, Controller Office, Canteen, Girls Hostel, International Student Hostel, Boys Hostel, Field Crop Research Centre , Insectary etc. A proposal for creation of 69 scientific posts, 50 technical staff members and 40 administrative staff members stand approved from the council and awaits clearance of finance ministry.

Second meeting of Research Advisory Committee (RAC) was held on 11-12th July 2016 under the Chairmanship of Prof. Anupam Varma. NIBSM has now gradually elevated from the phase of "warm up" research. Well focused research proposals addressing various problems of biotic stresses confronted by the Indian farmers in the present context of baffling epidemiologies, pernicious pestilence, climate change, biosecurity measures and zoonotic diseases were thoroughly contemplated in the recently concluded IRC meeting. Winning a project "Socioeconomic upliftment of tribal farmers through management strategies in rice fallow pulse cropping system - An integrated farming approach" under "Farmer First" programme of ICAR added another feather in the cap of NIBSM. In addition to mitigation of losses due to various biotic stresses confronted by Indian farmers, the research projects have also been formulated to investigate issues of protecting human or animal life or health from risks arising from additives, contaminants, toxins or disease causing organisms in food, beverages or food stuffs. Innovations will be pursued to create public awareness through institutional outreach programmes addressing protection of human life or health from risks arising from diseases carried by animals, plants or product thereof, or from the entry, establishment or spread of pests.

An old farm store building as well as residential quarters existing from IGKV time have been renovated to house laboratories and sitting space for more than a dozen of scientists. Tender process to the tune of 1.5 crores is in full swing to procure modern equipments and laboratory infrastructure pertaining to specified mandate based upon the new frontier sciences of genomics, proteomics, DNA fingerprinting, bioinformatics etc. Through voluntary outreach activities and MGMG programmes, a small group of scientists belonging to varied disciplines of agricultural science are now compulsorily engaged in farmer scientific interactions in several villages of Raipur and nearby districts of Chhattisgarh. It is very satisfactory to put on record that the NIBSM gradually shedding its

infancy is now enthusiastically moving forward with an added strength of sixteen scientists, Joint Director (Research), Joint Director (School of Crop Health Biology Research) and a designated Director. The scientific expertise of the institute is now well represented by the scientists belonging to the major disciplines such as plant pathology, entomology, biotechnology as well as animal and fishery disciplines including extension.

Jagdish Kumar
Director (Acting)

Executive Summary

The ICAR-NIBSM progressed during 2016-17 with the scientific manpower including two Joint Directors, JD (School of Crop Health Biology Research) and JD (Research) and 14 scientists belonging to various disciplines including Agronomy, Entomology, Pathology, Agricultural bio-technology, Extension, Veterinary, and Fish and fisheries to achieve stupendous twin mandate. A total of 10 institute and three externally funded projects, formulated in a programme mode, covering mandate have been handled by the scientists and of results emanated are summarised below.

1. More than half-a-dozen monocot and dicot weeds are causing sizable yield loss in low land and direct seeded rice. Some of the practices including the evaluation of new herbicide molecules, nutrient and space management and *in situ* ploughing of *Sesbania* were tested to manage the weed flora. Field demonstrations on the application of Pretilachlore 6% + Pyrazosulfuron 0.15% on 5 to 7 days after transplanting of low land rice at Dhamtari, Bilaspur and Raipur district of Chhattisgarh arrested the growth of various weeds by 70 to 90%, besides compensating the yield by 40 to 50% and adoption by 60%.

2. The weed suppression was highest in Swarna rice, applied with N_{125} and recommended doses of P&K which recorded the low relative density of broad leaved weeds (29.1 to 44.4%), grasses (23.1 to 51.2%) and sedges (19.8 to 34.4%) along with highest yield of 6.43 t/ha as against 3.6 t/ha in N0. The low land rice grown in situ Sesbania incorporated fields took lesser time (30%) to establish, coupled with fertilizer and water savings by 27.5 and 40.3%, respectively. Sesbania incorporation also enhanced the grain yield (20.3%) and straw yield (7.1%) by suppressing weed population by 58.7%.

3. The highest weed control efficiency was recorded with three hand weeding (20, 40 and 60 DAS) followed by two hand weeding (20 and 40 DAS) over the control. Among the herbicides, pendimethalin was effective in suppressing weeds in direct seeded rice, followed by penoxsulam, and pendimethalin fb bispyribac sodium.

4. In the estimation of yield loss caused by biotic stresses in low land rice, two cultivars (Mahamaya and Swarna) which were kept free from pest, disease and weeds recorded the highest grain yield (6.69 t/ha) while it was 5.64 t/ha in control plots with all biotic stresses. Maximum yield loss was attributed to the presence of weeds.

5. Out of 50 rice germplasm screened for root-knot nematode, 17 were susceptible while 33 were highly susceptible. None of the germplasm of pigeonpea, mungbean and urdbean was resistant to *M. incognita*. In chickpea, six germplasm lines were identified as resistant and 63 were susceptible to root-knot nematode. Wheat variety, WH147 and germplasm RWP 2015-15 were found to be resistant against pink stem borer under field condition. Wheat plots applied with K60 + Foliar Si @ 4 ml/l recorded minimum white ear (14%) caused by pink stem-borer.

6. Seasonal and relative abundance of stem-borer and leaf-folder in low land rice was studied to optimize the time of release of Trichogramma spp. for the management of two pests. First catch of female of yellow stem-borer in light trap appeared during 1st week of August 2016 (31st MSW) which caused 1.1% dead-heart, thereafter reached the 1st peak during 3rd week of August 2016 (33rd MSW) and 2nd peak during 4th week of August 2016 (35th MSW) which caused the dead heart, respectively of 3.60 and 3.83%. Leaf-folder damage was low throughout the crop period. Relative humidity and rainfall were positively correlated with trap catches while maximum (26.0 to 29.3^{0}C) and minimum (17.4 to 25.5^{0}C) temperature were positively correlated to damage caused by two insects. Host insects produce characteristic hydro-carbons, fatty acids and

proteins which stimulate natural enemies to intensify their search in the near vicinity of the host. An array of chemicals like saturated fatty acid (n-hexadecanoic acid) and certain alkanes (decane, tridecane, tetradecane, octadecane, eicosane, hexatriacontane, tritetracontane, tetratetracontane) from hexane extract of yellow stem-borer females and β-pinene, α-pinene and caryophyllene from yellow stem-borer damaged plant were detected through GC-MS analysis.

7. Preliminary information based on the intensive survey in 14 districts of Chhattisgarh including, Raipur, Durg, Bemetara, Kabirdham, Bilaspur Baloda Bazar, Janjgir-Champa, Raigarh, Masamund, Korba, Koriya, Surajpur, Sarbuja, Jashpur of Chhattisgarh indicated that among the diseases caused by different viruses, Begomovirus are predominant to cause huge economic losses in mungbean, dolichus, pigeonpea, bhendi, sponge gourd, bitter gourd etc, transmitted by whitefly (*Bemesia tabaci*).

8. Endophytes are microorganisms which live symbiotically with almost all varieties of plant and in turn helping the plant in a number of ways. A total of 32 bacterial endophytes isolated from pigeonpea and lathyrus were identified, characterised and deposited at NCBI, USA. Endophytic bacteria were found in all parts of rice plant with a significantly higher density in the root, stem and leaves. 16S ribosomal RNA gene sequences of 32 bacterial endophytes were submitted and accessioned at NCBI.

9. Studies on the vector borne zoonotic infections in Chhattisgarh revealed that nineteen samples from goats were positive for Q fever as identified through PCR analysis. None of the rodent and human samples was positive for Q fever and leptospirosis when tested by ELISA and latex agglutination test. Morphological alteration under stress inferred that filament formation could be the one of the mechanisms to overcome the salt stressed environment in Listeria monocytogenes causing Listerisis. Differential gene expression profiling of *L. monocytogenes* under stress condition revealed that the *lmo1602* gene (similar to general stress protein) showed the highest fold change of 4.96, followed by the *sigB* (Regulation of virulence and stress-response genes) with 4.26 fold change and the *lmo0515* (may involve in general stress response) with 3.68 fold change. Another three genes, the lmo1416 (may involve in high salt stress response), the *lmo2748* (similar to YdaG stress protein in Bacillus involved in acid, osmotic stress response) and *lmo0889* (Stress of low temperature, osmotic pressure, alcohol and acid) showed >2 fold change. Two genes namely, *lmo2461* and *lmo0211* were found to be down-regulated, which are known to be cold stress response and high salt stress response, respectively.

10. Overall prevalence of Haemorrhagic septi-caemia in cattle and buffaloes in Chhattisgarh state was recorded to be 44% while morbidity and mortality rate were 13.85 and 7.27%, respectively during the rainy season of 2016. Among the reproductive biotic stresses in bovine of Chhattisgarh, 7.67% seropervalence of brucellosis and 17.75% Brucella infection using bcsp31 gene based PCR were noticed. The prevalence of leptospirosis was not noticed in the serum samples collected from Jagdalpur while it prevailed in the samples collected from Dhamtari, Kanker, Rajnandgaon, Durg and Raigarh. A seroprevalence of 62.07% for the disease, rhinotracheitis was noticed in the serum samples collected from Jashpur and Raipur.

11. The immune responses of Indian carps to biotic stresses indicated that the cumulative prevalence of *Aeromonas* spp. was 87% followed by *Escherichia* spp. represented 8% and other strains belonging to *Citrobacter* spp., *Enterobacter* spp., *Pseudomonas putida, Klebsiella pneumonia, Flavobacterium, Alcaligens* and *Roultella ornithinolytica* by 5%, respectively as confirmed by MALDI-TOF MS analysis.

12. A consolidated interview schedule developed to explore the socio-economic profiling, crop farming details, chemical usage pattern, information need

and social issues of farming community. Documentary on mass production of bio control agents (*Trichogramma*), weedy rice and pheromone technology completed to produce the bilingual instructional videos as content generation activity to prepare the Interactive Educational Multimedia Module.

13. In Farmer FIRST Programme, Rapid Rural Appraisal (RRA) techniques and surveys were used and field level situation explored. Technological gaps, research problem identification and prioritization done with the target group. Totally, ten capacity building programmes were conducted under FFP and 1084 farmers got benefitted from the cluster of five villages.

14. The ICAR-NIBSM moved a step ahead by involving in few new initiatives including the data base on national level status of biotic stress and emerging biotic stress, insect bio-diversity in Baronda farm, establishment of linkages with 10 institutes to work on biotic stress management with novelty and procuring and assembling of core germplasms/ entire germplasm and/or alien species in pigeonpea, chickpea, lathyrus, pearlmillet, maize, minor millets, *Vigna* spp. and brinjal.

विशिष्ट सारांश

भा.कृ.अनु.प.– राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान 2016–17 में दो संयुक्त निदेशकों, संयुक्त निदेशक (फसल स्वास्थ्य जैव अनुसंधान) एवं संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) एवं 14 वैज्ञानिक जनबल एवं 14 विभिन्न विषयों के शस्य विज्ञान, कीट विज्ञान, पादप रोग विज्ञान, कृषि जैव प्रौद्योगिकी प्रसार, पशु विज्ञान एवं मत्स्य विज्ञान के साथ जुडवॉ शासनाधिकार को प्राप्त करने के लिए आश्चर्यजनक रूप से अग्रसर हैं। कुल 10 संस्थागत एवं तीन बाहरी वित्त पोषित परियोजना कार्यक्रम प्रणाली में संस्थान शासनाधिकार के अनुसार परियोजना सूत्रित की गई एवं चलाई गयी, जिनसे उत्पन्न परिणामों का सार प्रस्तुत किया जा रहा है।

